अपने 'चुनौती' नामक एक अन्य वक्तव्य म मदनलाल धीगडा न कहा था - "मरे को यह विश्वास है कि विदशी सगीनो के साए म पनप रहे राष्ट्र म एक युद्ध की तयारी अवश्य चल रही होगी। चूकि यह लडाई असभव मालूम पडता है और तमाम यद्को पर प्रतिबध लगा दिया गया है, ऐसी स्थिति म म यही कर सकता था कि अपनी पिस्ताल निकालकर गोली मार दू । मेरे जसा गरीब और सामाजिक रूप से अप्रतिष्ठित व्यक्ति यही कर सकता था कि अपनी मातृभूमि के लिए अपना रक्त बहाऊ और यही मैंन किया ह । आज की स्थिति मे हर भारतीय के लिए एक ही सबक है कि वह यह सीखे कि मृत्यु का वरण कसे किया जाए और यह शिक्षा तभी फलीभूत होगी जबकि हम अपन प्राणो का मातृभूमि पर बली चढा दें। इसलिए मैं मर रहा हू और मर शहीद होने से देश का मस्तिष्क ऊचा ही होगा ।"

१७ अगस्त १९०९ की आज सुबह ही मदनलाल धीगडा का फासी के तख्ते पर ले जाया गया। उस दिन उन्होने अग्रेज अधिकारियो स कहा कि "उनके शरीर को हिन्दू रीति से जलाने के लिए सावरकर जी को सौप दिया जाए।" जिसे अग्रेज अधिकारियो ने एक कैदी की अतिम इच्छा क रूप मे भी अस्वीकार कर, अपनी नैतिकता पर एक और कलक का टीका लगा लिया।

मदनलाल धीगड़ा की फासी का कोई गवाह आज भी उपलब्ध नही है पर उनके चरित्र के अनुरूप, हमे आज भी यह पक्का विश्वास ह कि उन्होंने फासी के फद तक हसते हुए ही कदम बढाया होगा । और हसते हुए ही फासी का फदा अपने गले मे ही पहना होगा। आर उसा वीरता से अपने प्राणो को उत्सग किया होगा। उनका चेहरा मरन क बाद भी हसता, खिलखिलाता सा होगा।

मदनलाल धींगडा का शव बिना सावरकर का दिए हुए पैंटानविले के एक अनजान शमशान गृह म चुपचाप गाड दिया गया। उस स्थान पर न कोई स्मारक ही बन सका और ना ही कोई शिलालेख हीं लगाया गया। इतनी शाहरत की मौत मरा यह वीर गुमनाम कब्र के साथ म सोता रहा।

बड ही सरकारी प्रयत्ना व लिखा-पढी क बाद सन १९६३ मे मदन-लाल धींगडा के अवशेषो को इग्लैंड से आजाद हिंदुस्तान लाया गया। यहा पालम हवाई अडडे से यह अस्थि अवशेष अमतसर ल जाए गए। जहा आज भी यह अवशष, उनक कार्यों की ऐतिहासिक याद दिला रहा है। सदा याद दिलाता रहगा।

प्रतिक्रिया

मदनलाल धींगडा को फांसी दिए जाने के बाद आयरिश समाचार पत्रों ने मदनलाल धींगडा को बहादुर व्यक्ति की संज्ञा दी। इसी प्रकार काहिरा से प्रकाशित होने वाले, मिस्र के समाचार-पत्र 'लल पेटी इजिप्श्यन' ने आगामी ४० वर्षों के बीच में ब्रिटिश साम्राज्य के पतन की भविष्यवाणी की थी। इस समाचार पत्र ने ही मदनलाल धींगडा को अमर शहीद की उपाधि दी थी।

श्रीमती ऐनी बेसेंट ने कहा, "इस समय देश को बहुत से मदनलाल धींगडा जैसे अमर शहीदों की बहुत आवश्यकता है।"

वीरेंद्र नाथ चट्टोपाध्याय ने मदनलाल धींगडा की स्मृति में एक मासिक पत्रिका प्रारम्भ की। यह पत्रिका बर्लिन से श्रीमती कामा द्वारा प्रकाशित की जाती थी। इसका नाम 'मदन तलवार' (मदनलाल की तलवार) था। कुछ समय बाद ही यह पत्रिका विदेश में रहने वाले भारतीय क्रांतिकारियों की विचार धाराओं का मुखपत्र बन गयी थी। लेकिन भारत में कांग्रेस अध्यक्ष पंडित महामना मदनमोहन मालवीय ने लाहौर में कांग्रेस के अपने अध्यक्ष पद से भाषण देते हुए कहा, 'मदन लाल धींगडा ने बहुत ही अमानवीय कार्य किया है जो अशोभनीय अपराध कहा जाएगा।' लेकिन भारत की अपनी जनता ने मदनलाल के इस कार्य को भारतीय इतिहास की अविस्मरणीय घटना मानकर उन्हें शहीद के नाम से विभूषित किया।

१९१९ में प्रकाशित श्री डब्ल्यू० डब्ल्यू ब्लण्ट ने अपनी पुस्तक में अमर शहीद मदनलाल धींगडा की बहादुरी की बहुत प्रशंसा करते हुए लिखा है, "धींगडा ने जिस बहादुरी के साथ एक न्यायाधीश के सामने

अपना ओजस्वी बयान दिया वसा किसी भी ईसाई शहीद ने नही दिया होगा।'

सयुक्त राज्य अमेरिका मे गदर पार्टी का आरम्भ करने वाले लाला हरदयाल के अनुसार, 'धींगडा ने मृत्यु का उसी तरह वरण किया जसे कि पुरान राजपूत वीर और सिख किया करते थे। इग्लड सोचता है कि उसने धींगडा को मार दिया है लेकिन सच यह है कि वह हमशा अमर रहेगा और उसन भारत म अग्रेजा की प्रभुसत्ता को एक करारा तमाचा दिया है ।'

पजाव केसरी लाला लाजपतराय ने, मदनलाल धींगडा का अत्यन्त बहादुर क्रातिकारी की श्रेणी मे रखा। उन्होने ही पजाव म अमर शहीद की प्रतिमा लगाने की अपील की जो आज तक पूरी नही हुई।

सच है जिस व्यक्ति को सगे बाप ने अपना बटा तक स्वीकार नही किया हो, भाइयो ने भाई ना माना हो उसक देशवासी उसका कस आसानी स अमर शहीद स्वीकार कर सकने हैं ।

उपेक्षित मदनलाल धींगडा

वीरा की मौत के साथ ही उनके जीवन की कहानी कभी ममाप्त नही होती है। बल्कि वीर की मौत के बाद ता त्याग और बलिदान का एक अनोखा सिलसिला प्रारम्भ होता है जो अनवरत चलता ही जाता है। और अपने बलिदान से जब तक अपने लक्ष्य की पूर्ति नही हो जाती यह मिलसिला चलता रहता है।

मदनलाल धींगडा के बलिदान के बाद आज तक देश के प्रति जान की बाजी लगाने का यह सिलसिला चलता आ रहा है।

आज भी मदनलाल धींगडा के विषय म कोई प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध नही है। अमृतसर की नगर पालिका के जीर्ण शीर्ण अभिलखा म उनके जीवन का काई रिकाड उपलब्ध नही ह। वहा के उस समय के अस्पताला म काई ऐसा रिकाड नही है जो उनकी ठीक-ठीक जन्म तिथि के विषय मे कोई निश्चित सी सूचना दे दे। ना ही धींगडा परिवार के अमृतमर आ वसने का काई सीधा प्रमाण मिलता है। वस ऐसी कुछ सूचनायें है कि मदनलाल धींगडा के जन्म के तीस वर्ष पूर्व ही मदन के पिता डा० साहब दित्तामल ने बहुत सी जमीन-जायदाद इकट्ठा की थी। वह स्वय और उनके सभी पुत्र अग्रजा के मित्र थे। इस कारण मदनलाल धींगडा के बलिदान के बाद उनका पूरा परिवार अंग्रेज सरकार से हर तरह से माफी मागता रहा। इससे भी जब सतोष नहीं मिला तो मदनलाल धींगडा के पिता डा० साहब दित्तामल ने यह घाषित कर दिया कि मदनलाल धींगडा नामक व्यक्ति तो उनका पुत्र ही नही है।

इसी प्रकार मदन के छोटे भाई कुदनलाल ने जो बहुत बडे व्यवसायी थे ने तथा, उनके दा अन्य भाइयो जो वकील और डाक्टर थे, ने भी

मदन के इस दुष्कर काय की निंदा की और यह घोषित कर दिया कि उनका मदनलाल धींगडा से कोई भी सम्बन्ध नही ह वह ना उसे अपना भाई मानते ह और ना ही उनका उससे काइ भी पारिवारिक सम्बन्ध ह। इसका सबसे बडा कारण यही था कि अमर शहीद मदन लाल धीगडा के य सारे भाई अव्वल नम्बर के चापलूस थ। अग्रेज सरकार के इतन ज्यादा वफादार थे कि अपन सगे भाई को भाई कहना तक भी इनको पसद नही आया। इसी कारण इन तथाकथित भाइयो और इन सबके पिता डा० साहब दित्तामल ने निश्चित रूप म अमर शहीद से सबधित सारी जानकारिया अस्पताल से और म्युनिसिपिल दफ्तर से गायब ही करा दी होगी। वस ता डा० साहब दित्तामल स्वय रिटायर सिविल सजन थे और अग्रेज सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारी थे। उनके सभी पुत्र अग्रेज हुकूमत के कृपापात्र थे और रिश्वत देकर भी यह काम आसानी स करा सकते थे, ताकि सारी जिंदगी कोई भी व्यक्ति उनका सम्बन्ध मदनलाल धीगडा जस व्यक्ति स नही जोड सके।

यही स्थिति उनकी पढाई के सम्बन्ध म पदा की गयी ह। उनकी पढाइ बीच-बीच म क्यो बन्द हो गयी और फिर काफी समय के लिए क्या पूरी तरह छूट गयी इसका भी कोई पक्का पता नही चलता है। कहा काइ उल्लेख नही मिलता।

आजादी के बाद की हमारी काग्रेस सरकार ने भी अमर शहीद मदनलाल धीगडा के विषय मे कोई विशेष रुचि नही ली। इन लोगो ने भी अपना प्रारभिक समय अपने व्यक्तिगत लाभ और जो कुछ बोया था उसे काटने मे लगाया। अग्रेज सरकार ने तो मदनलाल धीगडा की यह अतिम इच्छा पूरी नही की थी कि वह उनका शरीर उनके परम मित्र श्री विनायक दामोदर सावरकर को सौप दें। कोई भी अहिन्दू उनके शव का स्पश ना करे। और सावरकर पूरी तरह, हिंदू शास्त्र सम्मत वदिक नियमो के साथ उनके शव का अतिम सस्कार दाह-कम करें।

पर न्याय के लिए विख्यात, अन्यायी सरकार ने मदनलाल धीगडा का शव, सावरकर को नही सौपा। बल्कि मदनलाल धीगडा के शव का जानबूझकर, जमीन मे दफनाने का निणय किया गया, जो कि सनातन हिन्दू धम के सवथा विपरीत है। इसका कारण, अग्रज सरकार का वह पत्र है जो इग्लैंड से भारत सरकार को लिखा गया था । पत्र मे लिखा है कि—"हम यह नही चाहते है कि इस शहीद के अवशेष भारत को पासल से भेजे जायें।" सावरकर समेत मदनलाल धीगडा के अन्य बहुत मे मित्र, भारतीय विद्यार्थी १७ अगस्त १६०६ की सुबह से ही पेंटोनविले जेल के सामने आ खडे हुए थे। परतु ब्रिटिश सरकार ने किसी को भी पेंटोनविले जेल के अन्दर घुसने तक की अनुमति नही दी गयी थी।

तभी से काफी लम्बे समय तक माग की जाती रही कि मदनलाल के अवशेषो को उनके आजाद देश को वापिस भेज दिया जाए। तब जाकर ब्रिटिश सरकार ने भारत सरकार के सामने यह स्वीकार किया कि मदनलाल धीगडा की तो कब्र पर काई शिलालेख नही था। उनके नाम का पत्थर भी नही लगा था, उस शव को एक गुप्त सख्या देकर जमीन म गाडा गया था। इस सम्बन्ध म भी काई सूचना नही है कि किसी भारतीय व्यक्ति अथवा भारतीय सस्था ने इस अमर शहीद की स्मृति म कोई समाधि बनाई हो।

शहीद उधमसिंह के अवशेषो को ढूढे जाते समय अचानक ही मदनलाल धीगडा के अवशेष भी मिल गए। उनके अवशेषो का भारत सरकार व लदन स्थित उच्चायुक्त की उपस्थिति मे सन १६७६ मे निकाला गया था। सन १६७६ की १३ दिसम्बर को दिल्ली के पालम अड्डे पर उनके अवशेषो को एक पात्र मे लाया गया, जिसका स्वागत दिल्ली और पजाब के नागरिको ने किया। यह अस्थि कलश कुछ दिना की रेल यात्रा के बाद अपनी मातृभूमि अमृतसर तक जा पहुचा जहा के लोगो न इनकलाब जिंदाबाद के नारो के साथ अमर शहीद के अवशेषो का भव्य स्वागत किया।

मदनलाल धींगडा की परम्परा

अमर शहीद मदनलाल धींगडा की परम्परा का उनके बाद करतार सिंह सराबा, पजाब स उनके अगुआ बनकर आए। उनके साथ ही रास बिहारी बोस ने भी उत्तर भारतीयो के बीच जागृति बनाए रखने के लिए बहुत ही काय किया है। भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद ने भारत म नये प्रकार की लहर पदा की थी।

पर मदनलाल धींगडा ने ही इस बात की प्रेरणा दी थी कि अग्रेज यह सोच लें कि भारतवष मे उनको अब अधिक दिनो तक सहन नही किया जाएगा व क्रातिकारी तरीके से ही हिन्दुस्तान से अग्रेजो को भगाया जा सकता है। खुदीराम बास ने उनसे पहले और सरदार भगतसिंह ने उनके बाद उसी तरह हसते हुए फासी के फदे को गले मे डाला था। इस कारण आज भी मदनलाल धींगडा का नाम भी पक्ति मे रखा जाता है।

मदनलाल धींगडा को फासी दिए जाने के बाद विनायक सावरकर की गतिविधिया बहुत ज्यादा बढ गयी। उनके भाई गणेश जिन्हे सब आदरपूवक नाना सावरकर कहते थे, का एक अग्रेज जज जेक्सन ने कालेपानी की सजा दी थी। यह अग्रेज जज जेक्सन नासिक जिले का ही था। जिसे बाद म अभिनव भारत सस्था के एक सदस्य अनन्त कान्हरे ने एक रगमहल मे गोली मार उसकी हत्या कर दी। अनन्त कोन्हरे को तत्काल पकड लिया गया। बाद मे उसके सभी साथी भी पकडे गए, जिन्हें असहनीय यातनायें मिली।

अग्रेज सरकार का यह मत था कि जेक्सन और कजन वामली की हत्याओ के पीछे विनायक सावरकर का हाथ है। अग्रेज सरकार ने आखिर सावरकर के विरुद्ध मुकदमा दायर कर दिया।

लदन के विक्टोरिया स्टशन पर अचानक सरकार ने सावरकर को गिरफ्तार कर लिया। बाद मे सावरकर को भी मारिया नामक पानी के जहाज से भारत म काले पानी की सजा काटने को भेजा गया।

सावरकर जहाज के शौचालय से कूदकर मार्सेलीन नामक बन्दरगाह पर उतर गए और गायब हो गए। जहा से वह तैरते हुए फ्रास जा पहुचे। जहा फ्रास की जल सीमा में ही पुलिस द्वारा उन्ह गिरफ्तार किया गया।

सावरकर पर भारत म मुकदमा चलाकर दो दो काले पानी की सजा द दी गयी जो एक साथ चल रही थी। सावरकर की यह सजा पचास साल चलने वाली थी। सावरकर तो कवि हृदय थे, उनके बस की काले पानी की सजा नही थी।

सन १९२१ मे स्वास्थ्य की खराबी के कारण उन्ह छोडा गया। वह भी इस शर्त के साथ कि वह रत्नागिरी जिले से बाहर नहीं जायेंगे, ना ही किसी समारोह म भाग लेंगे।

१९३७ में यह बधन भी अग्रेज सरकार ने ही हटा दिए। जिसके बाद सावरकर सक्रिय राजनीति म कूद पडे और हिन्दू महासभा के अध्यक्ष चुन गए।

१९४८ म महात्मा गाधी की हत्या के बाद हिन्दू महासभा पर शक हुआ, इस कारण सावरकर को भारत सरकार न भी गिरफ्तार कर लिया। पर बाद मे उन्ह निष्कलक पाकर छोड दिया गया। १९६० म सावरकर के अनुयाइयो द्वारा 'मृत्युजय दिवस मनाया गया। सन १९६५ मे महाराष्ट्र तथा भारत सरकार ने सावरकर को स्वतन्त्रता सग्राम सेनानी मानकर पेंशन देना स्वीकार किया।

२६ फरवरी १९६६ को ८४ वर्ष की दीर्घ आयु भोग कर मदनलाल धीगडा के साथी और गुरु सावरकर का देहात हो गया। आज सरकारी तौर पर मदनलाल धीगडा या सावरकर की कोई जयती भले ही ना मनायी जाए। इसके बावजूद अमर शहीदो का नाम भारत के इतिहास म सदा उज्वलित रहेगा।

अमर शहीद ऊधमसिंह

आमुख

अमर शहीद मदनलाल धीगडा की यह अतिम इच्छा थी कि वह जब तक भारत की धरती पर जन्म लेते, और अपने प्राणो को न्याछावर करते रहें जब तक भारत, उनका अपना देश स्वतन्त्र ना हो जाए ।

भगवान जाने अमर शहीद की यह इच्छा पूरी हुई या नही । उनका भौतिक शरीर तो सभी लोगो की भाति नष्ट हो गया । पर मदनलाल धीगडा की वीरता व निर्भीकता ने ना जाने कितने मदनलाल धीगडाओ को जन्म दिया था । शहीदो व देशभक्ता की ऐसी परम्परा हमारे देश मे पड गयी जिन्होने अग्रेज सरकार को हिन्दुस्तान से खदेड कर ही दम लिया था ।

अमर शहीद उधमसिह भी इसी परम्परा के एक महान क्रांतिकारी और देशभक्त थे । जिन्होने अग्रेजो की छाती पर जब तक मूग दली व जब तक उन्होने भारत छोडने का निश्चय नही कर डाला, उन्होने व उनके साथियो ने उन्हे चैन से नही बठने दिया ।

गाजियो मे बू रहेगी, जब तलक ईमान की ।
तख्ते लदन तक चलेगी, तेग हिन्दुस्तान की ॥

यह उक्ति उसी अमर शहीद उधमसिह की थी जिसने जलियावाला बाग हत्याकाड के जिम्मेदार अग्रेज अफसरो को कभी क्षमा नही किया उन्हे उनके घर लदन मे जाकर पूरी पूरी सजा दी । ऐसे जाबाज बहादुर सिपाही थे—अमर शहीद ऊधमसिह । जिनका नाम हमेशा हमेशा भारत की स्वतन्त्रता के इतिहास मे स्वर्णाक्षरो मे लिखा रहेगा । हिन्दुस्तान का बच्चा-बच्चा उनका सदा ऋणि रहेगा और सारी जिन्दगी उन्हे याद रखेगा ।

कष्टकपूर्ण बचपन

अमर शहीद ऊधमसिंह का जन्म पजाब प्रात के सगरूर जिले म एक गरीब कम्बोज परिवार मे हुआ था। इनका वास्तविक नाम शेरसिंह था। सगरूर जिले मे एक छोटा सा गाव था सुनाम, उसमे शेरसिंह के पूर्वज आकर बस गए थे।

इसी परिवार मे टहल सिंह नामक एक सज्जन थे जो उस समय बना रेल सेवा मे चौकीदार के पद पर काय करते थे। उनकी पत्नी का नाम नारायणी देवी था। दाना ही पति पत्नी अपने नाम के अनुरूप सीधे-साधे स्वभाव के और पुरुषार्थी व्यक्ति थे। टहल सिंह स्वभाव मे निडर और बहुत साहसी व्यक्ति थे। नारायणी देवी धार्मिक स्वभाव की सेवा भावी स्त्री थीं।

नारायणी देवी और टहलसिंह दपति के एक पुत्र था जिसका नाम साधूसिंह था। साधूसिंह भी अपने नाम के ही अनुरूप बिलकुल साधू स्वभाव के सीधे सादे व्यक्ति थे।

सगरूर जिला और सुनाम गाव उस समय पटियाला रियासत का एक अग था। इसी पटियाला रियासत के सगरूर जिले के सुनाम गाव म, १३ पौष सवत् १९५९ यानि सन १९०३ मे शेरसिंह का जन्म हुआ था। मा इनकी नारायणी देवी और पिता टहलसिंह थ जो जाति से कुम्भन थे पर सरकारी नौकरी यानि रेल विभाग मे चौकीदारी करते थे।

कुछ विद्वानो के अनुसार अमर शहीद ऊधमसिंह जिनका वास्तविक नाम शेरसिंह था, का जन्म २० दिसम्बर सन १८९९ को सगरूर के सुनाम गाव मे ही हुआ था।

माता पिता टहल सिंह और नारायणी देवी के कुल दो ही सतानें हुइ, शेरसिंह व उनके बडे भाई साधूसिंह। साधूसिंह अपने नाम के अनुरूप

सीधे-साधे, सज्जन स्वभाव के, धार्मिक विचारो के थे। जबकि शेरसिंह निडर और साहसी स्वभाव के स्वाभिमानी बालक थे। अपने पिता के सभी गुण उन्होंने प्राप्त किए थे। वह बचपन स ही गुलल चलाना सीख गए थे। कुश्ती लडना गुलल से चिड़िया का शिकार करना और गड्ढा खोदकर जगली जानवरो को फसाना यह अमर शहीद उधमसिंह के बचपन के खेल थे।

कुछ बड़े होने पर जब पढने लिखने का समय आया तो दुर्भाग्य ने उनके परिवार पर अपनी काली छाया डाल दी। ढाई वर्ष की उम्र मे ही शेरसिंह की मा उन्हें अपनी ममता के साये म ही छोड़कर स्वर्ग सिधार गयी। पिता ने अपने अबोध बच्चो के स्नेहवश अपना दूसरा विवाह नही किया कि कही विमाता उन्हे और कष्ट ना दे।

टहलसिंह अपनी चौबीस घण्टे की सरकारी नौकरी करने के बाद इन अबोध मातहीन बच्चो की देखभाल म सारा समय लगा देते। थोडा बहुत जितना वह स्वयं पढ लिखे थे यह इन बच्चो को पढा देते। जिस स्टेशन पर टहलसिंह नौकरी कर रहे थे वहा और उसके आस पास कोई पाठशाला मौजूद नही थी। इस कारण शेरसिंह व साधूसिंह की ठीक प्रकार पढाई लिखाई नही हो पाई थी।

टहलसिंह के पडौस के घर मे एक पडित जी बच्चो को पढाने आते थे। एक दिन उनकी बातचीत शेरसिंह से हुई थी। पडित जी शेरसिंह की कुशाग्र बुद्धि से बहुत ज्यादा प्रभावित हुए और उन्होने टहलसिंह से शेरसिंह को खूब पढ़ाने लिखाने की सलाह दी। टहलसिंह ने जब इस विषय मे अपनी असमर्थता व्यक्त की तब पडितजी स्वय शेरसिंह को खुद ही पढ़ाने लिखाने को तयार हो गए। वह रोज नियमित रूप से घर आकर शेरसिंह को पढाने लगे। शेरसिंह की कुशाग्र बुद्धि को देखकर, एक दिन फिर पडित जी ने शेर सिंह के पिता टहलसिंह को सलाह दी, कि वह शेरसिंह को किसी अच्छी पाठशाला मे आगे पढने को भेज दें तभी इसकी बुद्धि का अच्छी तरह विकास हो सकेगा। पहले तो टहलसिंह ने पहले की तरह अपनी गरीबी और असमर्थता की बात कही पर पडित जी द्वारा शेरसिंह की उज्जवल भविष्य की आशाओ

को दिखलाने पर वह कुछ सोचने पर मजबूर हो गए। आखिर मे पडित जी के बहुत समझाने के बाद उन्होंने अपने उच्चाधिकारियो से यह प्रार्थना की कि उनकी बदली अमृतसर रेलवे स्टेशन पर कर दी जाए ताकि वह अपने बच्चो की अच्छी पढाई-लिखाई करा सकें।

रेल अधिकारियो ने टहलसिंह की प्रार्थना सहर्ष मंजूर कर ली और उनका स्थानातरण अमृतसर रेलवे स्टेशन पर हो गया। वहा एक पाठशाला मे शेरसिंह प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने लगे, जहा उनकी पढाई लिखाई सुचारु रूप से चलने लगी।

पर दुर्भाग्य की जो काली छाया शेरसिंह के ऊपर पडी हुई थी वह इतनी जल्दी अपना पीछा छोडने वाली नही थी। एक दिन अचानक ही उनके पिता टहलसिंह का देहान्त हो गया। दोनो ही भाई बिना मा बाप के हो गए। बिलकुल असहाय अवस्था मे थे, चारो ओर अन्धकार ही अन्धकार छाया हुआ था। मृत्यु और जीवन की सत्यता के विषय मे दोनो भाई कुछ जानते भी नही थे। उनके पिता टहलसिंह के अंतिम संस्कार का इंतजाम उनके अडोस पडोस के व्यक्तियो ने किया। अब स्थिति यह थी कि इन अबोध बालको के पास न तो रुपया पैसा था व न ही कोई बडा व्यक्ति सिर पर हाथ रखने वाला था। कल कहा जाना है, क्या करना है—यह दोनो मे से कोई भाई नही जानता था।

ऊधमसिंह (उर्फ शेरसिंह) रात-भर यही सोचते रहे—कल से क्या होगा, वह और उनके भाई अब कहा जायेंगे कौन उनके खाने की व्यवस्था करेगा।

अपने रिश्तेदारो, नातेदारो से तो उन्हें न तो किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता या सहारे की उम्मीद थी। पास पडोस के लोग भी उन्ही की भांति निम्न श्रेणी के कमाने-खाने वाले व्यक्ति थे, जो उनकी सहायता एक या दो दिन ही कर सकते थे। फिर उनका भविष्य क्या होगा यही सोचते-सोचते शेरसिंह की न जाने कब आख लग गयी। उन्होने सपने मे देखा शेर को कहीं सहारे की जरूरत पडती है। स्वप्न टूटते ही उन्हें शक्ति का अनुभव होने लगा।

प्रात होते ही किसी ने अचानक उनका दरवाजा खटखटा दिया। शेरसिंह ने उठाकर दरवाजा खोल दिया। उनके सामने उनके विद्यालय के आदर्श शिक्षक पंडित जयचंद्र शर्मा खड़े हुए थे। उन्होंने शेरसिंह के सिर पर बड़े ही स्नेह से हाथ फेरा और बड़े साहस से शेरसिंह को इस दुनिया का सामना करने की सीख दी। पण्डितजी ने कहा यह संसार तो नश्वर है जो यहां आता है वह यहां से जाता भी है। कौन कैसे और कब जाता है वह सब ईश्वर के अधीन है। नियति ने तुम्हारे साथ बहुत क्रूर मजाक किया था।

मैं तुम दोनों भाइयों के रहने खाने आदि की व्यवस्था कर दूंगा। तुम दोनों भाई नियमित रूप से पाठशाला में पढने आते रहना। उन्होंने उधमसिंह यानि शेरसिंह और साधू को उसी दिन से एक अनाथ आश्रम में प्रवेश करा दिया। दोनों भाई नियमित रूप से पढने लगे। आश्रम के नियमित जीवन और कुशाग्र बुद्धि ने शेरसिंह की प्रतिभा को दिन पर दिन नया निखार दिया। शेरसिंह अपने आश्रम और पाठशाला के एक आदर्श विद्यार्थी गिने जाने लगे। वार्षिक परीक्षा में उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

पर शायद दुर्भाग्य को उनकी यह सफलता और खुशी अच्छी नहीं लगी। उनके बड़े भाई साधूसिंह निमोनिया के शिकार हुए और असमय ही अकाल मृत्यु को प्राप्त कर गए। साधूसिंह से शेरसिंह को अथाह प्यार था। उन्हें असमय जाता देखकर शेरसिंह की सारी हिम्मत टूट गयी। वह अपने आपको इस क्षण से सचमुच में अनाथ समझने लगे। अब इस संसार में उनका कौन था जिसके सहारे वह जाते। अब उनका इस संसार में क्या काम शेष था जिसके लिए वह जीते।

हमेशा की तरह उनके अध्यापक पण्डित जयचंद्र शर्मा आगे आए। उन्होंने शेरसिंह को बहुत समझाया बुझाया। इस दुःख और निराशा के अवसर पर उन्हें हिम्मत से काम लेने की सलाह दी। फिर वह शेरसिंह को अपने घर ले गए। कुछ दिन अपने घर में ही रखा भी था।

पण्डित जयचंद्र शर्मा ने शेरसिंह के मन में एक आदर्श शिक्षक और सच्चे गुरु का स्थान बना लिया था। नित्य उनके घर आने जाने लगे।

शेरसिंह के मन में पण्डित जयचन्द्र शर्मा ने देश भक्ति की और क्रांतिकारी की भावनायें भरी। उनकी वाणी बड़ा ही ओजस्वी थी। कई नौजवानों ने उनसे प्रेरणा प्राप्त कर देश भक्ति का सबक सीखा।

पण्डित जयचन्द्र शर्मा की स्नेह भरी छाया में शेरसिंह अपने माता-पिता की मृत्यु तक को भूल गए।

कुछ अन्य विद्वानों की सम्मति के अनुसार शेरसिंह या ऊधमसिंह साधूसिंह के छोटे भाई थे। और उन्हें पुतली घर के अनाथ आश्रम तक पहुंचाने वाले सुनाम गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता सरदार चंदासिंह थे। इन विद्वानों के अनुसार शेरसिंह के पिता का नाम सरदार निहालसिंह था। जब उनके माता पिता दोनों ही कालकवलित हो गए तो उन्हें अपने भाई के साथ कई गांवों में आश्रम के लिए भटकना पड़ा। सरदार चंदासिंह के आशीष से शेरसिंह ने गुरमुखी के साथ उर्दू और हिन्दी भाषा में प्रवीणता प्राप्त कर ली। कालान्तर में शेर-सिंह ने अंग्रेजी भाषा भी सीख डाली। किन्तु उन्होंने अपनी आजीविका का साधन अपने हाथ की कारीगरी को ही बनाया।

इन दोनों विसंगतियों के बावजूद यह तथ्य है कि शेरसिंह का प्रारम्भिक जीवन ही कष्टपूर्ण था। उन्हें अनाथ अवस्था और आश्रय-हीनता की स्थिति स्वीकार करनी पड़ी। शायद नियति ने उन्हें जीवन की समस्त कठोरतायें एक साथ दिखलाकर पत्थर की तरह सख्त और कुंदन की तरह निर्मल रूप दिया था ताकि भविष्य में वह एक बेमिसाल आदर्श साबित हो सकें।

पूर्वाभास

शहीद उधमसिंह यानि बचपन के शेरसिंह, जिनके ऊपर दुर्भाग्य की अति कृपा थी अनाथ आश्रम मे रहते हुए धीरे धीरे बच्चे से किशोर हो गए। मास्टर पंडित जयचंद्र शर्मा के स्नेह की छाया मे जहा उन्हे विद्या धन और पिता का वात्सल्य मिला था वही सरदार चंदा सिंह के साज्य से उन्होंने अपनी आजीविका चलाने के लिए परम्परा गत हाथ की कारीगरी सीख डाला थी।

पंडित जयचंद्र शर्मा के सदप्रयासो से शेरसिंह के मन मे देश प्रेम की जागृति हुई और उन्होंने १८५७ के प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक मंगल पांडेय का सम्पूर्ण जीवन चरित्र पढ डाला था। पर सबसे ज्यादा प्रभावित उन्हे अमर शहीद मदनलाल धींगडा के जीवन चरित ने किया।

उन्ही दिनों बीसवी शताब्दी के पहले दशक का प्रारम्भिक दौर था। पंजाब की जनता मे असंतोष की आग जल रही थी। पंजाब के तत्कालीन गवर्नर सर डेंजिल एबटसन ने १९०७ मे वायसराय को जो गुप्त रिपोर्ट भेजी थी उसने पंजाब प्रांत की स्थिति को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया था। इस गुप्त रिपोर्ट मे पंजाब प्रांत मे फैली नई हवा का वर्णन किया गया था व तत्कालीन ब्रिटिश सरकार को यह चेतावनी दी गयी थी कि यदि हालात पर काबू ना किया गया तो आग मुश्किल आ सकती है। पंजाब की हालत काबू से बाहर हो जाएगी। पंजाब के किसान भी सरकार द्वारा नहरो पर लगाए गए अतिरिक्त करो से बहुत ज्यादा असंतुष्ट थे। शहरी जनता भी अंग्रेज सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलनो से काफी असंतुष्ट थी। सारे पंजाब प्रांत के शहरी भागो मे हडतालें हो रही थी। कई जगह

दंगे हो रहे थे जो इस बात का सूचक थे कि प्रदेश की राजनीतिक हालत दिन प्रति दिन बिगडती जा रही है। उस समय अमृतसर सबसे अधिक शांतिप्रिय क्षेत्र माना जाता था। अनायास ही सबसे अधिक स्वतंत्रता संग्राम का केंद्र बन गया था व अमृतसर के कई हिस्सो में स्वतंत्रता संग्राम के लिए कई स्थानो पर गुप्त रूप से गतिविधिया चल रही थी। यो तो सारे पंजाब में विद्रोह की लहर फैली हुई थी और उससे सम्बन्धित लोग बहुत ही ज्यादा चिंतित थे।

इसका सबसे बडा कारण प्रथम विश्व युद्ध (१९१४-१८) समाप्त हो चुका था जिससे भारत की जनता को कोई राहत नही मिली थी। इसके विपरीत सरकार का शिकंजा जनता के लिए और अधिक कस गया था। जनता का दमन दिन प्रतिदिन बढता ही जा रहा था। ब्रिटिश शासन भारत मे सुरक्षा कानून लागू करना चाहता था और यह कहा जा रहा था कि शांति के लिए व नागरिको की भलाई के लिए नागरिक अधिकारो के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उदारवादी दृष्टि से इस कानून को लागू करने की बजाय ब्रिटिश सरकार और भी अधिक सख्ती का उपयोग कर रही थी। भारतीय दंड विधान और अन्य कानूनो की मौजूदगी में भी सरकार ने 'रौलट एक्ट' नामक नया कानून बनाया था जो सरकार की आवश्यकता अनुसार भारतीय दंड विधान मे बहुत से परिवर्तनो की आवश्यकता का प्रतीक था। इस कारण भारतीय दंड विधान में मनमाने परिवर्तनो के बाद, इस नये कानून को बनाने वाली समिति के अध्यक्ष रौलट के नाम से यह नया कानून 'रौलट एक्ट' के नाम से लागू किया गया था। वैसे दिखावे के तौर पर इस समिति ने कानून द्वारा ब्रिटिश शासन के प्रभाव से भारतीय जनता की सुरक्षा के लिए अपनी सिफारिशें पेश की थी। साथ ही युद्ध के बाद की तीन विभीषिकाओ—भूख यानी अनाज की कमी, अकाल मृत्यु यानि बीमारी व गरीबी ने भारतवासियो को बहुत विक्षुब्ध कर दिया था। पंजाब के किसानो को दबाने के जो प्रयास हुए थे उससे पंजाब के जनमानस में अंगारे दहकने लगे थे। इन नये कानूनो ने जनता को और भी ज्यादा विक्षुब्ध कर दिया था।

महात्मा गांधी ने इस कानून और अन्य कठिनाइयों के निराकरण के लिए सत्याग्रह का अमोघ अस्त्र दिया था। महात्मा गांधी उस समय दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे व उनकी आयु ४९ वर्ष की थी। 'स्वराज्य' का मन्त्र यहीं से पहली बार उच्चरित हुआ था और तब हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा प्राप्त हुई थी। ऐसे वातावरण में बड़े होते शेरसिंह को जयचंद्र शर्मा द्वारा राजनीति का चस्का लग चुका था। विश्व युद्ध के बाद पूरा देश महंगाई से त्रस्त था। महंगाई बढ़ गयी थी। जनता में त्राहि त्राहि मच रही थी। लोगों को खान पान की वस्तुएं भी आसानी से नहीं मिल रही थीं जिसके कारण जनता ने आवाज उठाई थी।

ऐसी विषम परिस्थितियों में शेरसिंह जैसे किशोर की क्या दशा हो सकती है। इसकी कल्पना की जा सकती है जिसके सिर पर से माता पिता की छाया कब की उठ चुकी थी। अनाथ आश्रम छोड़कर जो अपनी हाथ की कारीगरी पर ही जिन्दा था। शेरसिंह अपना पेट बड़ी ही मुश्किल से भर पा रहे थे। नौजवानी की उम्र था। इस उम्र में आशा-निराशा होना ही है। ऐसी उम्र में सत्याग्रह की बात शेरसिंह के गले कैसे उतर सकती थी। फिर पंडित जयचंद्र शर्मा के संपर्क में आने के कारण उनका संपर्क उस समय के क्रांतिकारियों से हो गया था जिनके साथ रहकर शेरसिंह क्रांतिकारियों की छोटी मोटी सहायता करने लगे थे। जयचंद्र शर्मा के आशीर्वाद से शेरसिंह स्वयंसेवक के रूप में भर्ती हो गए।

अत्याचारी अंग्रेजों ने सारे देश में रौलट एक्ट का विरोध करने वालों का बड़ी कठोरता से दमन किया था। अमृतसर में भी डा० सत्यपाल व डा० सैफुद्दीन किचलू ने हिंदू मुस्लिम सम्प्रदायों का संयुक्त जलूस निकाला। इस जलूस में स्वयंसेवक के रूप में शेरसिंह भी शामिल थे। इस जलूस ने अमृतसर के तत्कालीन कमिश्नर का सरकारी बंगला घेर लिया जिसके कारण डा० सत्यपाल व सैफुद्दीन किचलू को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों नेताओं को किसी अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया व भीड़ को तितर बितर

तितर बितर कर दिया गया।

११ अप्रल १६१६ को इन दोनो नेताओ, डा० सैफुद्दीन किचलू, डा० सत्यपाल की रिहाई की माग को लेकर एक विस्तृत जलूस निकाला गया जो अमृतसर के हाल गेट बाजार तक पहुचा। उसी समय अग्रेज पुलिस ने जलूस को तितर-बितर करने के लिए अधाधुध गोलिया चला दी। सारी भाड भाग गयी। इसमे अनक लोग इधर उधर गिरते पडते हुए भागे। अनेक घायल हुए व अनक लापता। चारो ओर अग्रेजो के इस अत्याचार की बुरी तरह निंदा हो रही थी। पर यह तो भविष्य का पूर्वाभास मात्र था।

भीष्म प्रतिज्ञा

अमर शहीद ऊधमसिंह स्वतन्त्रता सग्राम की गतिविधिया मे एक स्वयसवक के रूप म शामिल हो चुके थे। उनका बचपन का नाम शेर-सिंह था जिसे वह सही अर्थों मे सार्थक कर रहे थे।

रौलट एक्ट के खिलाफ चल रहे आदोलन म भी वह शामिल हो चुके थे। ११ अप्रल को अग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार डा० सत्यपाल और डा० सैफुद्दीन किचलू की रिहाई की माग को लेकर आदोलन हुआ था। एक विशाल जलूस निकला था जिसको हाल गेट पर पुलिस ने तितर-बितर कर दिया था।

अब १३ अप्रैल १६१६ को बैसाखी के शुभ दिन एक विशाल सभा का आयोजन किया गया था। जो अमतसर के जलिया वाला बाग म आयोजित होने वाली थी। इस सभा मे ही डा० सत्यपाल और डा० सेफुद्दीन किचलू की रिहाई की माग की गयी थी। पर किसी भी व्यक्ति को यह ज्ञात नही था कि यह सभा ससार का सबसे बडा आयोजन बन जाएगा जिसे सारी उम्र एक प्रतीक के रूप म हमेशा याद किया जाएगा। जिसकी मिसाल सदियो तक, अत्याचार के पैमाने के रूप म होगी।

इस ऐतिहासिक आयोजन मे सरदार ऊधमसिंह उर्फ शेरसिंह भी शामिल थे जो उस समय लगभग १६ साल के थे और उनके साथ, उनके मित्र व सहयोगी सरदार भगतसिंह भी थे, जो मात्र ११ वर्ष ७ महीने और १६ दिन का था।

११ अप्रैल १६१६ को नगर के तनाव को देखते हुए अमतसर के कलेक्टर ने नगर का प्रशासन सेना को सौप दिया था। ११ अप्रैल को हुई गोलीबारी मे दो व्यक्ति मारे गए थे जिसके कारण ही यह तनाव

फैला हुआ था।

जलिया वाला वाग तीन ओर से एक ऊची दीवार स घिरा हुआ था। उस वाग को पजाव के तत्कालीन गवनर सर माइक्ेल आ डायर के आदेश पर, भारत मे ही जन्म अग्रेज सेना के अधिकारी ब्रिगडियर जनरल रेजिनाल्ड ई० एच० डायर ने सैंकडो हथियारबन्दो द्वारा यह स्थान चारो आर से वुरी तरह घेर लिया था। इसके वाद २०, २५ हजार के आस पास स्त्री-पुरुष इस ऐतिहासिक सभा मे पहुच चुके थे, जिनमे शेरसिंह भी शामिल थे।

जलिया वाला वाग ऐसा मदान था, जहा एक आर निर्माणाधीन इमारतो का मलवा पडा हुआ था। यह लगभग पूरा मैदान बनती हुई इमारतो और उसके सामान से पटा पडा हुआ था। आन जान का रास्ता बहुत ही सकरा और उबड-खावड सा था। सामने एक कुछ ऊचा सा मच वना हुआ था जिस पर खडे होकर एक व्यक्ति अपना भाषण दे रहा था।

तभी ब्रिगडियर जनरल रेजिनाल्ड ई० एच० डायर उस रास्त से अ दर दाखिल हुए। उस रास्ते के दोनो ओर बहुत ऊची दीवार उठी हुई थी। यह स्थान उस ऊचे से मच से कोई १५० गज दूर था जहा जनरल डायर न अपन सनिको को रोका हुआ था। इन सनिको म ६६ नेपाली गोरखा और २५ वलूचिस्तान के वलूच सिपाही राइफला से लैस थे व ४० गोरखाओ के पास खुकरिया थी और दो हथियार वन्द गाडिया थी।

यह हिन्दू और सिखा का पवित्र दिन था। इसके अलावा पजाव के ईसाईयो सहित सभी हिन्दू मुसलमानो के लिए यह एक धर्म-निरपेक्ष / पव का दिन था। वसाखी के इस ऐतिहासिक पव पर पगडी वाधे सिख और तहमद पहन मुसलमान 'पगडी सम्हाल जट्टा ' गाते हुए चले आ रहे थे। यह त्योहार खेता मे उगी हुई लहलहाती फसलो का त्योहार था। सारे किसान नाचने गाने को इकट्ठे हुए थे, सारे शहर मे मले का वातावरण था। हमेशा की भाति शहर के बाहरी भाग मे मले का आयाजन था। लेकिन वदले हुए वातावरण म यह सारे किसान इस

आयोजन स्थल यानि जलियां वाला बाग की ओर मुड़ गए थे।

हंसराज उस २० २५ हजार व्यक्तियों की भीड़ को सम्बोधित कर रहे थे। जो इन व्यक्तियों को उन नेताओं के सम्बन्ध में बतला रहे थे, जो गिरफ्तार हो चुके थे। तभी अंग्रेज सैनिकों की टुकड़ी उस सभा-स्थल पर दाखिल हुई और अंग्रेजी सेना ने घुटनों के बल बैठकर, राइफलें भीड़ के सामने की ओर तान दीं। इसके बाद पलक झपकते ही गोलियां चलने लगीं। एकदम शोर मच गया और चारों तरफ भगदड़ मच गयी। लाला हंसराज मंच पर से चिल्लाए, "घबराओ नहीं यह नकली गोलियां हैं, खाली कारतूस हैं, इनसे किसी को कुछ नुक्सान नहीं होगा।"

लाला हंसराज की बात सुनकर जनरल डायर को लगा कि कुछ गड़बड़ है वह भी उतने ही जोर से चिल्लाया, "इनको गोली मारो, गोली हवा में क्या चला रहे हो।

उस समय आसमान साफ था। पंजाब में इस साल भी बहुत ही अच्छी फसल उगी थी। हवा में स्नोगरा और सरसों की खुश्बू फैली हुई थी। गोलियां सिर्फ दस मिनट तक ही चली थीं पर उनकी गूंज आस-पास घंटों बाद भी सुनी जाती रही थी। सभी प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है उन गोलियों का लक्ष्य वे सारे रास्ते थे जिन रास्तों से लोग निकलकर भाग रहे थे। एक वृद्ध जो अपने भतीजे को ढूंढने बाग में आया था, उसने देखा कि उसका भतीजा गोलियों से छलनी हुआ पड़ा था। उसका सिर फट गया था। एक गोली नाक के नीचे ऊपर वाले ओंठ पर लगी थी। दो बायीं ओर एक गर्दन पर बायीं ओर और तीन जांघों पर तथा दो या तीन सिर में।

चंद ही मिनटों के लिए जलियां वाला बाग खून से नहा उठा। चारों ओर लाशें पड़ी हुई थीं। खून नाले के रूप में बह रहा था। शेरसिंह एक पेड़ पर चढ़े हुए अपने चारों ओर फैली हुई लाशें देख रहे थे। अपनी जान बचाने के लिए भगदड़ में यह इस ऊंचे पेड़ पर चढ़ गये थे।

जल्द ही सारा शहर पूरे अंधकार में डूब गया। लगता था किसी

ने गम की चादर उढा दी हो। उस शाम विधवा हुई रतन देवी के अनुसार लाशो को देखकर उनके रोंगटे खडे हो गए थे। सारा दृश्य ही बहुत यंत्रणादायक था। उस बहादुर महिला ने अपने पति की लाश को ढूढने म वहा घटो विताए। उस निजन जगल म, जहा से वह अग्रेजो की आज्ञा से बचाकर अपने पति की लाश को चुपचाप घसीटकर ले गयी थी। उस महिला ने पूरी रात रा राकर बिताई थी। पति को अन्तिम सस्कार के लिए घर ले जाने के लिए एक चारपाई की आवश्यकता थी। उस महिला के अनुसार 'मरे लिए उस सबका वणन करना लगभग असम्भव है जो मैंने वहा किया। वहा लाशो के ढेर पड हुए थ। कुछ छाती के बल कुछ पीठ के बल गिरे पडे थे, उनमे से अनेक गरीब निर्दोष बच्चे थे। मैं उस निजन जगल म पूरी रात अकेली रही। कुत्ता के भौकने और गधो के रेंकने की आवाजो के सिवाय कुछ और आवाजें सुनाई नहीं पडती थी। उन सैकडा लाशो के बीच मैंने सारी रात राते-राते काटी। क्योकि सारा बाग रक्त से भरा हुआ था। सूखे स्थान के लिए बुरी तरह मारामारी थी।"

इस नर सहार के नायक ब्रिग्रेडियर जनरल रेजिनाल्ड ई०एच० डायर ने बाद म हटर कमीशन के सामने बतलाया "म जसे ही वहा अपनी कार मे आया—मैं निश्चय कर चुका था कि लोगा को जान स मार दूगा। इस इनक्वारी कमीशन के सामने यह बात भी सामने आई कि उसने भीड को कोई भी चेतावनी नही दी। ना ही भीड को वहा से जान को कहा गया, ना ही उनके जान की जरा भी प्रतीक्षा की गयी, उलटे सारे रास्तो पर कब्जा कर गोलिया बरसाई गयी। इस विषय मे जनरल डायर ने अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर स भी कोई बातचीत नही की। डिप्टी कमिश्नर वहा उपस्थित भी नही थे। यह सवदा विदित ह कि बिना फस्ट क्लास मजिस्ट्रेट की अनुमति के कोई भी फोस, चाहे पुलिस हो या आम्स पुलिस या फिर सेना भी क्यो न हो बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के गोली नही चलाई जा सकती है। इस प्रशासनिक नियम को ताक पर रखने का कारण जनरल डायर ने यह बतलाया कि "मैं जलियावाला बाग गोलीबारी को अपना कतव्य समझता था। एक

भयानक वक्तव्य ! मैं उनको एक ऐसा पाठ पढाना चाहता था ताकि वह लोग मुझ पर हँस ना सकें। इसलिए मैं और ज्यादा दूर तक गोलिया चलाता रहता अगर मेरे पास आवश्यक संख्या मे और गोलियाँ होती। मैं अपने साथ हथियारबंद गाडी ले गया था। लेकिन मैंने देखा कि उस रास्ते से वे जा ही नहीं सकती थी। इसलिए उन्हें मैंने पीछे छोड दिया। मुझे ऐसा लगा कि मुझे अच्छी तरह और तेजी से गोलियाँ चलानी चाहिए ताकि मुझे या किसी और को फिर से गोलियाँ ना चलानी पड़े।" एक तार में भेजे गए संदेश मे डायर के इस कार्य का सर माइकल ओ डायर ने सहमति दे दी। "लेफ्टीनेंट गवर्नर तुम्हारे व्यवहार को उचित व सही ठहराते है।" इस हत्याकांड का समाचार जब कलकत्ता पहुँचा, तो सुभाषचन्द्र बोस ने हाथ में पिस्तौल लेकर अंग्रेजो को बल प्रयोग से देश से निकालने की प्रतिज्ञा की।

जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड में कुल मिलाकर १६५० गोलियाँ चलाई गयी थीं। इस पर जनरल डायर का गर्व था कि एक भी गोली व्यर्थ नही गयी थी। मृतकों की संख्या से यह बात बिलकुल सत्य सिद्ध हुई थी। पंजाब डिसार्डर्स इन्क्वायरी कमेटी के कमिश्नर न्यायमूर्ति श्री रैकिन के यह पूछने पर "क्या तुमने घायलो की देखभाल के लिए कोई कदम उठाया था।'

डायर का जवाब था, "नहीं, यह मेरा काम नहीं था। अस्पताल खुले हुए थे और वे वहाँ जा सकते थे।'

इस हत्याकाण्ड के कई प्रत्यक्षदर्शियों में मेवासिंह नाम का एक हलवाई भी था जो मेले मे अपनी मिठाई बेचने आया था। उसके सम्बन्धियों के अनुसार मेवासिंह हलवाई का शव गोलियों और गोलियों के निशाने से भरा हुआ था। उसके सिर से खून का फव्वारा छूट रहा था। अमृतसर के कालेज के बीसियों विद्यार्थी मारे गए थे। आज तक भी यह मैदान खूनी और काली कमाई थी। पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा इस सम्बन्ध में खोजबीन कर एक ग्रंथ छापा गया था जिसका नाम ही 'जलियाँवाला के शहीद' था, जिसके लेखक डा० राजाराम नामक एक वरिष्ठ प्रोफेसर थे। डा० राजाराम ने प्राप्त तथ्यों के आधार पर

यह खोजकर निकाला था कि यह विशाल नरसहार पूरी तरह पूव नियोजित था और अच्छी तरह सोच समझकर इसकी योजना बनाई गई थी। इस पुस्तक मे इस हत्याकाड मे मृत लोगो की सूची और विस्तृत वणन है। इनका आधार वह सरकारी फाइलें व रिकाड हैं जो अव उपलब्ध नही हैं। गदर और आतरिक शासन आदोलनो के बाद अमृतसर हत्याकाड ब्रिटिश शासन मे कफन मे एक कील की तरह साबित हुआ था। लेफ्टीनेंट गवनर सर माइकल ओ डायर का यह वक्तव्य हास्यास्पद ही साबित हुआ कि यह गोलीबारी नतिक प्रभाव डालने के लिए की गयी थी। हालाकि यह सैन्य दृष्टिकोण को ध्यान म रखकर की गयी थी।

सरदार उधमसिंह उफ शेरसिंह ने जलियावाला की सभा मे अपने अनाथ आश्रम की ओर से स्वयसेवक के रूप मे भाग लिया था। डायर द्वारा गोली चलाने के आदश के बाद शेरसिंह ने एक पड पर चढ कर, डाल के ऊपर पत्तो के बीच म सिर छिपाकर अपने प्राण बचाये थे। उस समय शेरसिंह की उम्र मात्र १६ वप थी। यह सारा नर-सहार शेरसिंह ने अपनी आखो से देखा था और उसी समय उन्होने यह दृढ निश्चय कर लिया था कि वह 'जलियावाला हत्याकाण्ड' के तीनो अधिनायको सर माइकल ओ डायर, पजाब के लेफ्टीनेंट गवनर ब्रिगेडियर जनरल ई० एच० डायर जो भारत मे पैदा हुए अग्रेजी सेना के अफसर, लाड जेट लैंड भारत के राज्य सचिव को उसी समय गोली से उडान का दृढ निश्चय कर लिया और इस शपथ को अपनी डायरी म दज कर लिया था।

तब स हर वसाखी पर शेरसिंह अपनी डायरी निकालकर हर बार दोहराता और उसके मन की आग और सुलग उठती। गोलियो की आवाज समाप्त होते ही अन्य स्वयसेवक विद्यार्थियो के साथ शेरसिंह भी पड से नीचे उतरे। घायल लोगो की चीत्कार सुनकर शेरसिंह सहित सभी स्वयसेवक विद्यार्थियो का कलेजा दहल गया था। फिर भी हिम्मत बाधकर, घायलो को अस्पताल पहुचाने लगे। जब सारे अस्पताल घायलो से पट गए तब शेरसिंह इन घायलो को लेकर अनाथ

आश्रम ले गए। कुछ का आर्य समाज मंदिर पहुंचाया गया जहां रख-कर उन सभी ने मिलकर इन घायलों की भरपूर सेवा-सुश्रुषा की थी। शेरसिंह के नेतृत्व में इन घायलों और दुखियों की इतनी भरपूर सेवा की थी कि छात्रों और घायलों के बीच परस्पर स्नेह का सम्बन्ध बन गया। जब यह घायल लोग ठीक होकर अपने घर गए तो उनका रोम-रोम उन्हें आशीर्वाद दे रहा था।

पर जलियांवाला हत्याकाण्ड का नर संहार देखकर शेरसिंह का मन बुरी तरह उदास हो गया था। यह दुनिया, यह समाज उन्हें बड़ा सूना सा लग रहा था। उनकी इच्छा हो रही थी कि वह जल्दी से जल्दी इस नरसंहार को कराने वाले अंग्रेज काजियों को मौत की सजा देकर अपने कर्तव्य का पालन कर डालें।

उस समय सारे देश में इस हत्याकाण्ड को लेकर नफरत की आग धधक रही थी और हर व्यक्ति अपने तरीके से इसका विरोध प्रकट कर रहा था।

शेरसिह से ऊधमसिह तक

नाथ आश्रम म शेरसिह अपना एक एक दिन बडी ऊब से गुजार रह थे। उनका हर समय यही इच्छा होती थी कि वह जल्द से जल्द सर माईकल ओ डायर, जनरल डायर और लाड जट लैंड को जान से मारने की इच्छा पूरी हो।

पर हण्टर कमेटी की रिपोर्ट न सर माइकल ओ डायर और जनरल डायर को इस अनैतिक व गैर कानूनी हत्याकाण्ड का दोषी मान लिया था और उन्हें सरकारी नौकरी से पदमुक्त कर दिया गया था। उनकी पेंशन भी जब्त कर ली गयी थी। भारत मे रह रहे अंग्रेजो ने दोनो व्यक्तियो को २०,२० हजार पौंड का पुरस्कार और अजनबी देश मे अंग्रेज जाति का सम्मान बचाये रखने के प्रयास मे दोनो को एक एक तलवार भेंट की थी। जल्द ही दोनो व्यक्ति लदन रवाना हो गए जहा उनका और अभूतपूर्व स्वागत हुआ। जिस पर इंग्लैंड के राजा जार्ज और उनके चाचा ड्यूक कनाट बहुत अप्रसन्न हुए। ड्यूक कनाट भारतवासियो के दुखी मन पर मरहम लगाने लदन मे भारत आए और इस घटना पर क्षोभ प्रकट किया।

सर माइकल ओ डायर और जनरल डायर के भारत छोड कर जाने के समाचार ने शेरसिह के मन को और विक्षुब्ध कर दिया। उस रात वह अनाथ आश्रम म बेचैनी से करवटें बदलते रहे। जब नीद ना आई तो उन्हें लगा अब यहा रहना व्यर्थ है। अब कुछ कर दिखलाने का समय आ गया है।

जब मन की बेचैनी बहुत बढ़ी तो अचानक ही एक दिन वह अपना थोडा बहुत सामान लेकर अनाथ आश्रम से चले आए। शेरसिह ने अपने एक रिश्तेदार के मोटर गैरिज मे नौकरी कर ली जहा शेरसिह

माटर मेकेनिक का काम सीखने लगे। इसके साथ-साथ मोटर ड्राइवरी सीखने लगे थे। कुछ ही दिना मे उन्होने माटर ड्राइवरी और माटर मेकेनिक दानो ही कार्यों में भरपूर सफलता हासिल कर ली थी।

उस समय मोटरा का धधा नया नया आया था। इस कारण अच्छे माटर ड्राइवरो आर मोटर मकेनिका की बडी माग थी। शेरसिंह के उक्त गरिज की माटरें अग्रेज पुलिस और फौज को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया करती थी। शेरसिंह भी एक सफल ड्राइवर हो गए थे जिस कारण राजाना फौज का माटर गाडियो द्वारा इधर से उधर ले जाया करते थे। उनका असली उद्देश्य तो किसी तरह अग्रेजी फौज के उच्च अधिकारियो से सम्पर्क बनाना था।

एक दिन मोटर गरिज के मालिक का हुकम मिला कि अग्रेजी फौज का माटर द्वारा गुजरालावाला कसूर की आर ले जाए। जहा स २४ अप्रल को पजाब के तत्कालीन गवनर के आदश पर फौज ने हवाई जहाज द्वारा शहर के ऊपर बेकसूर नागरिका पर बम गिराए गए। यह सारा दिल दहलान वाला हगामा शेरसिंह ने अपनी आखा से देखा। अग्रेज सरकार के नादिरशाही अत्याचारा के पीछे इस बार भी नर माइकल ओ डायर का हाथ था। पर बहुत प्रयास करने के बावजूद शेरसिंह, सर माईकल आ डायर तक ना पहुचा सके। जिससे विक्षुब्ध होकर वह यह महसूस करने लगे कि ओ डायर द्वारा कराया गया हवाई हमला भी उनके द्वारा फौज पहुचाये जान क कारण हा पाया ना वह फौज का मोटर द्वारा पहुचाते ना हवाई हमला हाता।

एक दिन विक्षुब्ध होकर शेरसिंह न उस मोटर गरिज से भी कूच कर ली और सहारनपुर जा पहुचे। वहा एक साल ड्राइवरी का काम किया। पर जब वहा भी कुछ चन ना मिला और आत्म सतुष्टि ना मिला और दिन पर दिन बेचनी बढती गयी तब शेरसिंह लखनऊ जा पहुचे। वहा के एक ताल्लुकेदार क घर पर रहकर उसकी नौकरी करने लगे। उस ताल्लुकेदार का शिकार खेलन का जबरदस्त शौक था। उसके पास तरह-तरह की बहुत-सी बदूकें, पिस्तौलें, रिवाल्वर थ। शेरसिंह ने जी खोलकर उस ताल्लुकेदार की जानकर सवा की।

इसके बाद घर का व बाहरका काय करते। सेवा करते-करते फिर एक दिन मौका पाकर ताल्लुकेदार से शेरसिंह ने प्रार्थना की कि वह उनको निशाना लगाना सिखा दे। ताल्लुकेदार ने सहर्ष शेरसिंह की प्रार्थना मजूर कर ली।

छह माह तक शेरसिंह ने लखनऊ मे रहकर निशानबाजी का कड़ा अभ्यास किया। जिससे वह अच्छे निशानेबाज बन गए। अब शेरसिंह ताल्लुकेदार के साथ शिकार खेलने जाने लगे। अपने निशाने पर जब शेरसिंह को अगाध विश्वास हो गया तो उन्होने यह समझ लिया कि उनका लखनऊ रहने का उद्देश्य पूरा हो गया।

शेरसिंह ने एक दिन चुपचाप उस ताल्लुकेदार की नौकरी छोडकर लखनऊ छोड दिया और अब शेरसिंह को क्रातिकारियो की तलाश थी। ताकि उन तीन दुष्टो को मौत की सजा देकर अपने मन की प्यास बुझा सके। जब-जब जहा-जहा उन्हे क्रातिकारियो की मौजूदगी का समाचार मिलता शेरसिंह पहुच जाते थे। पर क्रातिकारियों से उनकी मुलाकात नही हो सकी थी।

उत्तर प्रदेश जो उस समय सयुक्त प्रात कहलाता था तथा पजाब आदि स्थानो के अनेक शहरो कस्बो मे शेरसिंह भटके। जीवन-यापन के लिए कई तरह के पापड बेले। इससे कई तरह की परिस्थितियो का सामना किया, कई तरह के लोगो से मुलाकात हुई। उनकी बदले की इस अदम्य भावना के कारण, कठोर उद्यम करने के कारण, शेरसिंह का नाम उधमसिंह पडा।

निराशा ही निराशा

ऊधमसिंह घूमत घूमत एक दिन मरठ जा पहुचे। सन १८५७ म पहले विद्राह की शुरआत मरठ से ही हुई थी। इस कारण ऊधमसिंह क मन मे यह आशा जागी कि हो ना हो कोई भूला भटका क्रांतिकारी अब भी मरठ मे अवश्य मिल जाए।

सरदार ऊधमसिंह मेरठ के एक होटल मे नौकरी करन लगे। वस वह माटर डाइवरी जानत थ। पेट भरने के लिए इसम अच्छा काम कोई और ना हाना। पर वह तो ऐसा काम चाहते थे जहा ज्यादा स ज्यादा आदमिया स सम्पक स्थापित हो, ताकि जल्द से जल्द वह क्रांतिकारिया के सम्पक म आ सकें।

एक दिन दा आदमी मेरठ के उस होटल म भोजन करन आए जिस हाटल म ऊधमसिंह काम करत थे। दाना एक खाली मज पर बठ कर ऊधमसिंह का भाजन लान का आदश देकर बातो मे मग्न हा गए। पानी रखकर ऊधमसिंह अय ग्राहका की सेवा म खड थे तभी उन दोना व्यक्तिया की बातें ऊधमसिंह के कानो म पडी। दाना की बाता का लक्ष्य जनरल डायर आर पजाब के गवनर सर माईकल ओ डायर थे। यह बातें सुनकर सरदार ऊधमसिंह के कान खडे हो गए।

उन दाना व्यक्तियो म से एक बोला, 'आपने सुना है जनरल डायर यहा से वापिस इग्लैंड चले गए ह जहा वे काफी दिना से सख्त बीमार हैं। पजाब के गवनर सर माईकल ओ डायर भी रिटायर होकर लदन चले गए ह।' यह बात सुनकर सरदार ऊधमसिंह एकदम खडे के खड रह गए। उनके परा के तले से जमीन निकल गयी। उनकी भीष्म प्रतिज्ञा पूरी हात-हाते रह गयी। उस दिन सारी रात उन्हे नीद नहीं आई। सर माईकल ओ डायर, जनरल डायर और लाड जेट लड लदन

पहुच चुके थे। अब इन तीनो को मौत के घाट उतारने की उधमसिंह की भीष्म प्रतिज्ञा बिना इग्लैंड जाए पूरी हो नही सकती थी। और इग्लैंड जाना ना आज इतना आसान है और ना ही उस समय ही इतना आसान था। हजारो रुपये जहाज का किराया था।

इस बात ने उधमसिंह को बहुत ज्यादा बेचैन कर दिया। सारी रात सरदार उधमसिंह को बेचैनी के कारण नीद नही आई। सारा रात उधमसिंह बिस्तर पर करवटें बदलते रहे। फिर उन्हे अमर शहीद मदनलाल धींगडा का कारनामा याद आया जिसने सर कर्जन वायली को जहांगीर हाल लन्दन मे भीड भरे समारोह मे मौत के घाट उतार दिया था।

उसी समय सरदार उधमसिंह ने एक और भीष्म प्रतिज्ञा कर डाली कि वह लदन जाएगे। जहा जलियावाला बाग हत्याकाण्ड के इन तीनो दोषियो को मौत के घाट अवश्य उतारेंगे। इस दृढ निश्चय के बाद सरदार उधमसिंह नीद की गोद मे जा पहुचे।

पर सरदार उधमसिंह तो ज्यादा पढे लिखे भी नहीं थे। जयचन्द शर्मा के सहयोग से प्रारम्भिक शिक्षा ही प्राप्त कर पाये थे। उन्हे अग्रेजी का पूरा-पूरा ज्ञान नहीं था। इस कारण सरदार उधमसिंह मेरठ छोडकर तुरन्त फिर पजाब वापिस लौट गए जहा से कई स्थानो पर रुकते हुए और कुछ काम धधा करते हुए सरदार उधमसिंह लाहौर जा पहुचे, जहा ईश्वर की कृपा से उनका धधा चल निकला। इसके अलावा वहा से सरदार उधमसिंह ने हाई स्कूल और इटरमीडिएट की परीक्षाये भी पास कर ली। व्यापार करते करते सरदार उधमसिंह ने बहुत सा धन भी इकट्ठा कर लिया।

परन्तु काफी प्रयत्नो के बाद धन इकट्ठा करने और उसे कजूसी से बचाने के बावजूद, यह धन इतना ज्यादा नही था कि उससे इग्लैड की यात्रा की जा सके। इस सारी पढाई और व्यापार करने मे भी पूरे चार साल गुजर गए थे। पर इसके बावजूद भी इग्लैड जाना बहुत मुश्किल लग रहा था। जिसके कारण सरदार उधमसिंह की बेचैनी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही थी।

अचानक एक दिन सरदार उधमसिंह ने समाचारपत्रों में पढ़ा कि 'अमृतसर के जलियावाला बाग का हत्यारा ब्रिगेडियर जनरल इ० एच० डायर काफी लम्बी बीमारी के बाद सात साल बिस्तर पर बीमार पड़ पड़ लंदन में ही मर गया।"

सरदार उधमसिंह के हाथों से अखबार छूट गया, उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा गया। जिस आदमी की जान लेने के लिए वह इतने साल भटकते रहे। जगह जगह छोटे छोटे काम धंधे करके पैसे इकट्ठे करते रहे। वह उनके बिना मारे ही मर गया यह बात उधमसिंह को बुरी तरह साल रही थी।

इस दुख में सरदार उधमसिंह ने दो दिन खाना नहीं खाया। एक रात उनका मन हुआ कि आत्महत्या कर लें अब जिंदा रहने का क्या फायदा। अब जिंदगी का क्या फायदा जब जीने का उद्देश्य ही समाप्त हो चुका था। पर यह विचार करते उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि आत्महत्या करना तो महापाप है क्यों न जिंदा रहा जाय। अरे डायर मर गया तो क्या हो गया। अभी सर माईकल ओ डायर तो जिंदा है उसे मार कर भी अपनी प्रतिज्ञा पूरी की जा सकती है। आखिर उसीने तो जनरल डायर को अंधाधुंध गोली चलाने का आदेश दिया था इस आदेश को देने के बाद ओ डायर ने ही अपने इस आदेश को सरासर उचित और आवश्यक भी ठहराया था। इसके बाद ओ डायर ने पूरे संसार में जहां-जहां वह गया जनरल डायर द्वारा किए गये नरसंहार की जी खोलकर प्रशंसा की। डायर के इस कार्य को माईकल ओ डायर ने बहादुरी का संज्ञा दे डाली थी।

माईकल ओ डायर जनरल डायर की बहादुरी की प्रशंसा मात्र करके ही संतुष्ट नहीं हुआ बल्कि लंदन पहुंचते ही उसने चन्दा मांग कर हजारों पाउंड इकट्ठे कर डाले व हजारों पौंड इनाम की शक्ल में उसने सार्वजनिक रूप से अभिनंदन करके डायर को भेंट किए।

यह सब समाचार उधमसिंह समाचार पत्रों में पढ़ चुके थे। उनकी निगाह में माईकल ओ डायर भी जनरल डायर की तरह ही दोषी था। उसका नाम हिटलिस्ट में बहुत ही अच्छी तरह लिखा गया था।

सरदार ऊधमसिंह को यह निश्चित रूप से लगने लगा कि बिना माईकल ओ डायर की हत्या किए। जलियावाला बाग के शहीदो की आत्मा को शाति नही मिलेगी। उन्हें सद्गति नही प्राप्त होगी ।

पजाब के भूतपूर्व गवर्नर सर माईकल डायर की हत्या के निश्चय मात्र म ही ऊधमसिंह के मन मे शाति छा गयी थी पर आर्थिक स्थिति ज्यो की त्यो थी। कई जगह प्रयत्न किया पर निराशा ही हाथ लगी। घूमते घामते एक दिन हरिद्वार जा पहुचे।

जहा एक ज्योतिषी को, गगा किनारे, बैठे हुए, देखकर सरदार ऊधमसिह से ना रहा गया उन्होने अपना हाथ उस ज्योतिषी के आगे पसार दिया । ज्योतिषी ने सरदार ऊधमसिंह का हाथ देखकर बतलाया कि 'वह चौतीस वर्ष की अवस्था म विदेश जायेंगे । और उनकी मनचाही इच्छा तभी पूरी होगी।' निराशा के गर्त मे डूबे सरदार ऊधमसिंह को ज्योतिषी की यह भविष्यवाणी अमृतवाणी की तरह लगी । वह बार बार ज्योतिषी से अपने हाथ की रेखाओं का और स्पष्ट करने को कहते रहे ज्योतिषी द्वारा बिलकुल स्पष्ट रूप से चौतीस वर्ष की अवस्था म ही विदेश यात्रा और मन की मुराद पूरी होने की बात कही। अब सरदार ऊधमसिंह को एक ही बात का इतजार था जल्दी से जल्दी चौतीस वर्ष की आयु तक जा पहुचने का ।

राम मुहम्मद सिंह आजाद

अब सरदार ऊधमसिंह को एक ही बात का इंतजार था कि जल्दी से जल्दी अब चालीस साल का हो जायें और अपने मन की मुराद पूरी करें।

ज्यों ज्यों वह तंतीस वर्ष की अवस्था तक पहुंचे उन्हें ज्योतिषी की कही हुई बात याद आती जाती। विदेश जाने की प्रबल लालसा बढ़ती जाती।

आखिर एक दिन एक अप्रवासी भारतीय से उनकी मुलाकात हो गयी जो अफ्रीका में लकड़ी का व्यापार करता था और वहां से व्यापार के ही सिलसिले में भारत आया था। बातों ही बातों में उस अप्रवासी भारतीय व्यापारी ने सरदार ऊधमसिंह को यह बतलाया कि उसे एक ईमानदार, मेहनती आदमी की जरूरत है जो कि कोई हिन्दुस्तानी हो तो बहुत उत्तम रहेगा।

अंधा क्या चाहे दो आंखें सरदार ऊधमसिंह को विदेश जाने का इतना सुनहरा और सुलभ अवसर प्राप्त हो रहा था। वह कैसे इसे छोड़ देते। उन्होंने तुरंत उस अप्रवासी भारतीय से यह प्रार्थना की कि वह उन्हें अपने साथ अफ्रीका ले चलें। वह ईमानदार भी हैं और मेहनती भी हैं। उनसे अधिक भरोसेमंद व्यक्ति उन्हें और कहां मिलता।

उस अप्रवासी की भी दिल में यही इच्छा थी। पर वह अपने आप कहने में डर रहा था कि कहीं सरदार ऊधमसिंह मना ना कर बैठें।

पर सरदार ऊधमसिंह तो हर शर्त मानकर भी किसी तरह विदेश यात्रा करना चाहते थे ताकि उनकी बहुत दिन से की गयी भीष्म प्रतिज्ञा पूरी हो सके।

कुछ समय बाद सरदार ऊधमसिंह उस अप्रवासी भारतीय के साथ

अफ्रीका चाना हो गये जहा उस समय बहुत से भारतीय क्रांतिकारी रह रह थे। अपनी यात्रा के दौरान पानी के जहाज में ही कुछ भारतीय क्रांतिकारियो से उनकी भेंट हो गयी। सरदार उधमसिंह जल्दी इन क्रांतिकारियो के सपर्क म आ गय और दक्षिण अफ्रीका म रहकर भारतीय क्रांतिकारियो की पूरी तरह मदद करन लग। इनके साथ वह अग्रेजो के खिलाफ जी भरकर प्रचार का काय करते ।

एक गुप्त रेडियो केंद्र अफ्रीका म काम कर रहा था, जिसके जरिये भारत के क्रांतिकारी अपना मनचाहा प्रसारण करते—खबरें देते लेते और भारत की अग्रेजी सरकार के खिलाफ मनचाहा कुप्रचार करते।

अफ्रीका मे रहते रहते और क्रांतिकारियो की सहायता करते-करत एक दिन एक जरूरी सदेश लेकर अमरीका रवाना हो गये । अमरीका म भी उन दिनो बहुत से क्रांतिकारी सक्रिय थे—जो भारत माता की गुलामी की जजीरें तोडने के लिए अपनी ओर से ही कटिबद्ध थे। अमरीका मे सरदार उधमसिंह ज्यादा दिन रह नही पाये। उनका उद्देश्य अमरीका पहुच कर वहा से सीधे इग्लैंड जाने का था।

पर अमरीका से भी उनका इग्लैंड जाना कोई आसान नही था। यह बात अमरीका पहुच कर, सरदार ऊधमसिंह की समझ मे आ गयी। अमरीका मे कुछ दिन रहकर सरदार उधमसिंह ने फिर अग्रेज सरकार के खिलाफ अपना प्रचार अभियान चलाया। इसके कुछ समय बाद वह फिर दक्षिण अफ्रीका लौट गये जहा से कुछ समय बाद वह दोबारा हिंदुस्तान लौटकर अपने शहर अमतसर जा पहुचे और अमृतसर के घटाघर के पास रहते हुय उन्होने एक दुकान खोल डाली और अपना नाम राममुहमद सिंह आजाद रख लिया जो हिंदू मुस्लिम सिख एकता का प्रतीक था। इस दुकान पर हमेशा भीड बनी रहती थी।

कुछ ही समय के बाद यह दुकान क्रांतिकारियो का सम्मिलन स्थल बन गया। सारा काय ही अग्रेज सरकार के खिलाफ चलने लगा।

यह दुकान क्रांतिकारियो का अड्डा बन गयी। भगत सिंह सुखदेव आदि इसी दुकान के माध्यम से धीरे धीरे सरदार उधमसिंह के सपर्क

मे आने लगे।

पजाब केसरी लाला लाजपतराय, अमर शहीद स्वामी श्रद्धानद, सरदार भगत सिंह भी इस दुकान पर आने-जाने लगे। इसके साथ स्वामी श्रद्धानद जैसे आर्य नेता का भी स्नेह सरदार ऊधमसिंह को प्राप्त हुआ।

इन बडे-बडे नेताओ के सपर्क और स्नेह ने सरदार ऊधमसिंह को नयी हिम्मत, प्रेरणा दी। जिससे वह और ज्यादा इग्लैड जाने के लिए उतावले होने लगे।

सन् १९२३ मे एक बार फिर उसी लकडी के व्यापारी के साथ सरदार ऊधमसिंह दोबारा अमरीका गये। जहा ऊधमसिंह का कार्य और मेहनत से उक्त व्यापारी को कई गुना अधिक लाभ हुआ। जिससे प्रभावित होकर उस व्यापारी ने उन्हे अपना भागीदार बना लिया और लाभ का काफी बडा हिस्सा उसने सरदार ऊधमसिंह को दिया।

जिसका उपयोग सरदार ऊधमसिंह ने अमरीका मे 'आजाद पार्टी सगठन" बना कर किया। जिसका उद्देश्य अप्रवासी भारतवासियो के बीच भारत की आजादी का प्रचार करना था। यही रहकर ऊधमसिंह ने अपना रिवाल्वर चलाने का अभ्यास प्रारभ किया जिसके साथ उनका जन्म जिदगी का साथ था।

तभी अचानक एक दिन नोट छापने की मशीन 'आजाद पार्टी सगठन' के कब्जे मे आ गयी। जिसको अपने तकनीकी स्वभाव के कारण सरदार ऊधमसिंह ने पूरा खोल डाला। इस मशीन को बनाने का उन्होने बहुत अच्छा अभ्यास कर लिया। वह इस मशीन का कुछ उपयोग कर पाते कि भारत से सरदार भगतसिंह का बुलावा आ गया और सरदार ऊधमसिंह फिर वापिस भारत आ पहुचे।

दो अमर शहीद जेल मे

हिंदुस्तान वापिस लौटकर सरदार ऊधमसिंह फिर क्रांतिकारी गतिविधि मे सहयोग देने लगे। जिस कारण उनका बाहरी रूप अंग्रेज सरकार और पुलिस की निगाहो मे चढ गये। जिसका नतीजा यह हुआ कि अब उनकी हर गतिविधि पर सी० आई० डी० व पुलिस की निगाह पडने लगी। हर समय सी० आई० डी० उनकी निगरानी करने लगी। उनका हर पत्र, सरकार पहले ही खोल डालती। उनकी हरकत को बारीकी से परखा जाता।

आखिर मे अंग्रेज सरकार ने, सन् १९२८ के आसपास एक झूठे मुकदमे में जो शस्त्रसहिता पर आधारित था मे सरदार ऊधमसिंह को गिरफ्तार कर लिया और चद दिन बाद झूठा मुकदमा चलाकर चार वष का कठोर कारावास दे दिया गया। लाहौर मे स्थित लाहौर स्पेशल जेल मे भेज दिया। इस समय ही अमर शहीद सरदार भगत सिंह को भी पुलिस ने बम बनाने के कारण बद कर दिया था। सरदार भगतसिंह को लाहौर की सेंट्रल जेल मे बद रखा गया था। कुछ इतिहासविदो के अनुसार लाहौर सेंट्रल जेल मे ही सरदार भगत सिंह के साथ ही सरदार ऊधमसिंह को भी बद रखा गया था एव २३ माच १९३१ के दिन तक, जिस दिन सरदार भगत सिंह का फासी की सजा दी गयी थी। वह घायल शेर की भाति पिंजरे मे कद थे। सन् १९३२ मे उन्हे मुलतान जेल मे भेजा गया था जहा सन् १९३३ म ही उन्हे रिहा किया गया। कुछ दिनो बाद उन्होने अमृतसर म एक दुकान खोली जिस पर उनका नाम राममोहम्मद सिंह आजाद लिखा था।

सन् १९३३ मे जेल से रिहा हाते ही कुछ दिन तक सरदार ऊधम-सिंह एक सीधे साधे नागरिक की तरह रहे। चुपचाप अपनी दुकान चलाते रहे।

फिर एक दिन उन्हे अचानक लगने लगा कि उनका जन्म इस तरह अपना जीवन काटने के लिए नही हुआ है। साधारणतया जावन-यापन करना तो साधारण मनुष्यो का काय है। इस तरह जीते जी मर जाना शेरसिह जसे व्यक्ति का काय नही है। शेरसिह जसे जिस व्यक्ति के मा बाप, बचपन मे ही भगवान को प्यारे हो गये थे। पूरा बचपन अनाथ आश्रम मे बीता। जहा बहुत मेहनत करने के कारण उनका नाम शेरसिह से उधमसिह पडा जो आगे चलकर उधमसिह हो गया।

यही उधमसिह जिसका बचपन से लेकर यौवन तक का हिस्सा उधम करके बीता था। वह इस तरह साधारण जीवन बिताय। जावन-यापन करके पेट पालना तो साधारण मानव का स्वभाव था। पर सरदार उधमसिह तो असाधारण मानव थे।

एक दिन उन्हे कही से जाली पासपोट बनवान का सूत्र मिला सरदार उधमसिह ने तुरत अपना एक जाली पासपाट बनवाया। अपनी सारी जमापूजी इक्ट्ठी की और राता रात यूरोप रवाना हो गये। जहा सबसे पहला पडाव जमनी मे डाला । फिर कुछ दिन रहकर रूस चले गए। रूस के विभिन्न प्राता म घूमते रह। इसके बाद फिर लौटकर जमनी आ गये जहा से अबकी उन्हान अपना अस्थाई स्थान जमनी का सुप्रसिद्ध शहर बर्लिन बनाया।

पर बर्लिन मे रहकर कुछ दिन कामकाज करन के बाद अब इग्लड पहुचने का निश्चय कर लिया।

आखिर इच्छा पूरी हुई

होनहार युवको को कौन रोक पाता है कौन रोक पाया है इन्द्र-धनुष बाहो मे कौन रोक पाया है समुन्दर बीच राहो मे । इसी तरह अपनी भीष्म प्रतिज्ञा पर कटिबद्ध इस होनहार युवक को कौन रोक पाता जिसका नाम ही ऊधमसिह था ।

सन् १६३३ के किसी माह मे सरदार ऊधमसिह लदन जा पहुचे । अपनी दिली इच्छा मन मे छिपाकर उन्होने एक इजीनियरिंग कालेज मे एडमीशन ले लिया । उन्होन लदन मे अपना नाम उदेसिह रख लिया ।

कुछ दिन तक उदेसिह से शेरसिह बन गए और कुछ दिन बाद अपना नाम फ्रैंक वजिल रखकर फ्रासीसी नागरिक की भाति जीवन यापन करने लगे । हिन्दुस्तानियो के लिए हमेशा उनका एक ही नाम था राम मोहम्मद सिह आजाद ।

जलियावाला बाग की वह खूनी घटना, वह आज तक नही भूले थे । जिस कारण उनका खून उबलने लगता था । आखिर एक दिन उनके हाथ एक पिस्तौल लग गयी । गोली चलाने और निशाना लगाने का प्रशिक्षण वह काफी समय पूव ले ही चुके थे । अब सरदार ऊधम सिह रोज पिस्तौल साफ करते व मौका तलाशने लगे कि कब लाड जेट लेण्ड और सर ओ डायर एक साथ मिलें और वह उनका काम तमाम कर डालें ।

एक रास्ता और भी यह था जब मौका हो, तब लाड जेट लैंड और सर माइकल ओ डायर के घर के अन्दर घुसकर जान से मार डाला जाए । पर सरदार ऊधमसिह को यह काय बहुत ज्यादा अनतिक लगा और चारो जैसा लगा ।

उन दिनो सर माइकल ओ डायर हिन्दुस्तानी विरोधियो मे अपने

आपका प्रथम पक्ति मे समझने लग थे। वह हर सभा म जाते और हिन्दुस्तानियो के खिलाफ जबरदस्त जहर उगलते।

प्रतीक्षारत रहते हुए सरदार ऊधमसिंह न तय कर लिया था कि किसी सावजनिक स्थान पर माईकल आ डायर को मौत की सजा दी जाये।

अवसर की तलाश मे रहते हुए सरदार ऊधमसिंह का लदन मे रहत हुए सात साल हा गए। १९४० का साल आ गया। सरदार ऊधमसिंह बराबर सर माईकल ओ डायर का पीछा करते रहे।

आखिर इन्तजार का वक्त समाप्त हो गया। लदन के अखबारा मे समाचार छपा कि १३ माच १९४० को लदन के कक्सटन हाल म रायल सेंटल एशियन सोसायटी और ईस्ट इण्डिया एसोसियन सासायटी द्वारा अफगानिस्तान के सम्बघ मे एक समिनार का आयोजन किया गया है जिसमे लाड जेट लैण्ड और सर माईकल ओ डायर भाषण देंग।

सर माईकल ओ डायर और ब्रिग्रेडियर जनरल सर पी सक्स पूर्वी देशो के विशेषज्ञा के तौर पर इस सभा मे उपस्थित होने वाले थ।

सरदार ऊधमसिंह को यह अवसर एक स्वण अवसर की तरह लगा। उन्होंने उसी दिन लाड जेट लेण्ड व सर माईकल ओ डायर का मौत के घाट उतारने का निश्चय कर डाला।

सारी रात वह भरपूर नींद सोये। सुबह जब उठे ता तरोताजा थे। बहुत प्रसन्नचित्त थे।

लदन के कक्सटन हाल मे सन १९४० के १३ माच का बहुत अधिक भीड इकट्ठी हो गयी। उन दिनो सर माइकल आ डायर के भारत विरोधी भाषणो की बहुत धूम थी।

नियत समय पर लाड जेट लेण्ड, सर माईकल आ डायर और ब्रिगेडियर जनरल सर पी सक्स कैक्सटन हाल में आ गए। सरदार ऊधमसिंह एक वकील की वेषभूषा मे नियत समय मे कक्सटन हाल मे आय उनके बायें हाथ म कानून की मोटी मोटी पुस्तकें थी। इन पुस्तका के बाच ही उनकी पिस्तौल थी जा पूरी तरह से कारतूसा से लस था। सरदार ऊधमसिंह सामने की पाच छह पक्तियो म बठ गए। सरदार

ऊधमसिंह पूरी तरह शात मुद्रा मे थे। किसी प्रकार की उत्तेजना उनके चेहरे पर लक्षित नही हो पा रही थी।

लार्ड सर जेटलेण्ड इस सेमिनार के अध्यक्ष थे। उन्होने इस सेमिनार का विधिवत उदघाटन किया और औपचारिक रूप से चार पाच मिनट बोलकर अपने स्थान पर जा बैठे। इसके बाद सर माईकल ओ डायर का बोलने के लिए आमन्त्रित किया गया।

सर माईकल ओ डायर मच पर आए और उन्होंने अपना भाषण प्रारम्भ किया। भाषण का विषय अफगानिस्तान था। जिस पर से बोलते-बोलते अचानक सर माईकल ओ डायर हट गये और धीरे-धीरे भारत विरोध के अपने प्रिय विषय पर आ गए। भारत विरोधी भाषण देते हुए—सर माईकल ओ डायर बहुत ही जाश मे आ गए और कहने लगे कि अग्रेजी शासन को अपनी भारत विरोधी नीति और कडी कर देनी चाहिए। भारत की जनता को बुरी तरह कुचल देना चाहिए। ब्रिटिश शासन को अपनी नीति और कडी कर देनी चाहिए। इस तरह सर माईकल ओ डायर अपनी आदत के अनुसार भारत के खिलाफ पूरी तरह जहर उगलते रहे।

अपना भाषण समाप्त कर सर माईकल ओ डायर धन्यवाद देने के लिए ब्रिगेडियर जनरल सर पी सेक्स की ओर मुडे।

तभी सामने की पक्तियो मे, पाच छह पक्ति दूर बैठे, वकील की पोशाक मे सुसज्जित सरदार ऊधमसिंह उठे उन्होने अपने हाथ मे थमी कानून की किताबो के बीच में से भरी हुई पिस्तौल निकाली और सर माईकल ओ डायर की ओर तानकर ट्रिगर दबा दिया। धाय, धाय करते-करते तीन गोलिया ने सर माईकल ओ डायर के प्राण-पखेरू ले लिए।

इसके बाद भी सर ऊधमसिंह की पिस्तौल से उगली नही हटी उनका अगला निशाना लार्ड जेटलैण्ड, लार्ड लिमिंटन, सर ले ड्यूसन को भी गोलिया लगी। सरदार ऊधमसिंह अपनी पूरी पिस्तौल खाली करके ही माने। उस समय भी वह पूरी तरह शात थे। उस समय केवल शाम के साढे चार ही बजे थे।

सारे हाल मे सन्नाटा छा गया, बाद मे होश आते ही कई व्यक्ति इधर से उधर भागने लगे। ऊधमसिंह चाहते तो आराम से भाग सकते थे पर उन्होने उतनी ही हिम्मत से कहा मैंने माईकल ओ डायर को मार दिया है अब किसी को भागने की और डरने की जरूरत नहीं है।

कुछ व्यक्तियो के अनुसार सरदार ऊधमसिंह ने इसके बाद अपने आपको पुलिस के हवाले कर दिया। पर कुछ व्यक्तियो के अनुसार इस वक्तव्य के बाद सरदार ऊधमसिंह ने निडर होकर पिस्तौल हाथ मे ही लिए सीधे दरवाजे के सामने से निकलने लगे तभी एक अंग्रेज महिला ने आगे बढकर उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। ऊधमसिंह तुरन्त रुक गए व उन्होने अपनी पिस्तौल वही फेक दी और शात भाव से खडे हो गए। तब अंग्रेजी हवाई सेना के एक सार्जेंट क्लाइवटी ने उनको रास्ता रोककर ही तुरन्त गिरफ्तार कर लिया थोडी देर मे ही ब्रिटिश पुलिस आ गयी और सरदार ऊधमसिह हंसी खुशी पुलिस के साथ चले गए।

मुकदमा

अमर शहीद सरदार ऊधमसिंह द्वारा, जलियावाला बाग हत्याकाड के प्रमुख हत्यारे सर माईकल ओ डायर को गाली से उडाये जाने का समाचार पूरी दुनिया मे बिजली की तरह फैल गया ।

सारे भारत म खुशी और उत्साह की लहर-सी फैल गयी । जनता राता रात अपने घर से बाहर आकर खुशी से नाचने लगी व गाने लगी। इतन साला बाद आखिर यह हत्यारा मारा गया था ।

दूसर दिन सारे ससार के समाचार पत्रो म इस घटना का पूरा वणन प्रकाशित हुआ । जमनी की तत्कालीन सरकार ने अग्रेज सरकार की, भारत मे किए जा रह अत्याचारो की कड़ी निंदा की और ऊधम-सिंह के इस काय को उचित ठहराया । कई उदारवादी अग्रेजा ने भी ऊधमसिंह के इस काय को उचित ठहराया । अमर शहीद ऊधमसिंह जेल मे भी बहुत प्रसन्नचित थे। उनको भविष्य का जरा भी ख्याल नही था । बल्कि इस बात पर बहुत ज्यादा सताप था कि उन्हान अपनी वर्षों की प्रतिज्ञा पूरी कर ली ।

एक दिन जेल मे वह अग्रेज महिला उनसे मिलने आई जिसने कैक्सटन हाल मे गोलिया चलाने के बाद सरदार ऊधमसिंह को हाथ बढाकर रोका था ।

सरदार ऊधमसिंह ने उठकर उस महिला का स्वागत किया । बाता ही बातो मे उस महिला ने पूछा आपने मुझे अपना रास्ता रोकने पर गाली क्यो नही मार दी । उस जगह आपन अपनी पिस्तौल फेंक दी ।

सरदार ऊधमसिंह का जवाब था स्त्रिया, बच्चा, निरपराध आबाल वृद्धा और निहत्थो पर गोलिया अत्याचारी अग्रेज ही चला

सकते हैं। हिन्दुस्तान की आय संस्कृति स्त्री जाति पर वार करने की आज्ञा नहीं देती है। इसलिए मैंने आप पर गोली नहीं चलाई थी। अन्यथा आपको भी मारने लायक गोलियां मेरी पिस्तौल में थी। मैं आपको भी गोली मारकर वहां से निकल सकता था। पर मेरा कार्य पूरा हो चुका था। मैंने मां भारती के उन बेगुनाह सपूतों पर अंग्रेजों द्वारा किए अत्याचारों का बदला लेने के लिए ओ डायर की हत्या की थी। जलियांवाला बाग के शहीदों का तर्पण मैंने कर लिया है। अब मैं इस संसार में रहूं या न रहूं मुझे इस बात का कोई रंज नहीं है। वह अंग्रेज महिला सरदार ऊधमसिंह के इस उत्तर से बहुत ज्यादा प्रभावित हुई। उनकी जवांमर्दी व स्त्री जाति के प्रति उनकी सम्मान की अनोखी भावना ने उस महिला को अन्दर तक हिला दिया। उसकी आंखों से आंसू बहने लगे। भरा हुआ हृदय और ऊधमसिंह के प्रति अनोखे सम्मान की भावना के साथ वह अपने घर लौटी। एक अंग्रेज महिला द्वारा एक काले हिन्दुस्तानी के लिए स्नेह और सम्मान की यह भावना उल्लेखनीय विषय है। सच बात यह है कि सम्मान व स्नेह, जाति, धर्म व सम्प्रदाय और देश और परदेश सबसे सर्वोपरि है।

२ अप्रैल १९४० को ही सरदार ऊधमसिंह को लंदन की एक अदालत के सामने पेश किया गया, उनके वकील श्री वी० के० कृष्ण मेनन थे। सरदार ऊधमसिंह प्रसन्नचित थे।

सरदार ऊधमसिंह ने अदालत के सामने कहा 'वह शासक अत्याचारी है जो अपनी इच्छा के अतिरिक्त कोई नियम कानून नहीं जानता। मैंने अंग्रेजों के शासन के नालदार जूतों के नीचे अपने देशवासियों को कुचलते जाते देखा है। मैंने उसका विरोध अपने ढंग से नहीं किया है। जो कुछ मैंने किया है उसका कोई दुःख मुझे नहीं है। मेरे मन में इस बात के लिए जरा भी भय नहीं है कि आप मुझे फांसी देंगे या क्षमा देंगे। मौत का भय तो मेरे मन से उस समय ही हट गया था जब बीस वर्ष पूर्व जलियांवाला बाग में हजारों बेगुनाह भारतवासियों को शहीद होते देखा था। बुढ़ापे तक लड़खड़ाते हुए जीने का कोई अर्थ नहीं होता है। अपनी मातृभूमि के लिए जवानी में ही मर जाना कहीं

बेह्तर है। आज मैं बहुत खुश हू क्योंकि मेरा बीस साल पुराना प्रण पूरा हो गया है। भारतवासी अब जाग चुके हैं। अंग्रेजो को ही भारत भूमि से हटना पडेगा। मैं अंग्रेजो की इस अदालत से किसी प्रकार की दया या कृपा नही चाहता हू। तुम जितना कठोर दण्ड दे सकते हो दो, मैं हसते हुए हर्ष के साथ उसे स्वीकार करूगा।

मैं जानता हू कि अंग्रेज मुझे फासी की सजा देंगे। पर यह सोच-मुझे हसी आती है। क्योकि अंग्रेजो ने लाखो नौजवान बेगुनाह भारत-वासियो को मारा है। लेकिन इन मारने वाले अंग्रेजो को फासी नही दी गयी। मैंने एक ऐसे बूढे अंग्रेज को मारा है जिसने मेरे देश के सकडो नौजवान बच्चो को बेगुनाह मरवा दिया। उसने और उसके साथियो ने इन हत्याओ के लिए जीवन मे कभी माफी नही मागी। अंग्रेजो ने ऐसे हत्यारो को एक मिनट की भी सजा नही दी बल्कि उनके राक्षसी काम की तारीफ की गयी, उन्हें इनाम दी गयी, विशेष पेंशन दी गयी। यह कारनामा बडी ही न्यायप्रिय प्रबुद्ध अंग्रेज जाति का है। यह कितना बडा अंधेर है, कितना बडा जुल्म है, किस प्रकार का विचित्र न्याय है।

देश के लिए जवानी मे मर जाना बहुत अच्छा है। मैं भारतमाता के माथे पर लगे कलक को धोकर अपने लक्ष्य की पूर्ति कर चुका हू। मैं इस अपना सौभाग्य मानता हू। मेरा शरीर इस देश की मिट्टी से बना है। इसलिए इस पर अपनी जान कुर्बान कर मैं बहुत प्रसन्न हू। मुझे बहुत ही गर्व है। मेरे नाम के साथ रहम शब्द का प्रयोग करना भारत की इज्जत व हमारी कौम पर कलक है। मेरे जीवन का लक्ष्य है—क्राति, वह क्राति जो मेरे प्यारे देश को आजादी दिला सके। मेरे देशवासियों, अपने प्यारे वतन मे अपनी आजादी के लिए आखिरी दम तक सघर्ष करना। कोई विदेशी ताकत मेरे देश को कभी गुलाम ना बना सके।

मैंने यह हत्या इसलिए की है कि मुझे इस इसान से सख्त नफरत है। उसे जो सजा मिली वह इसी काबिल था। मैं जवान मौत मरना

चाहता हू, बूढा होकर या अपाहिज होकर मरने से क्या लाभ है। क्या लार्ड जेटलैंड भी मर गए है। उनको भी जरूर मरना चाहिए। मैंने उनके शरीर में सीधी गोलिया चलाई थी।"

न्यायाधीश द्वारा नाम पूछे जाने पर ऊधमसिंह ने जवाब दिया—"मेरा नाम ऊधमसिंह नही है। मेरा नाम राम मोहम्मद सिंह आजाद है। राम शब्द का प्रयोग हिन्दू के लिए, मोहम्मद का मुसलमान के लिए, सिंह सिख के लिए, आजाद अपने देश के लिए।"

ऊधमसिंह ने अदालत के सामने आगे कहा कि मैं किसी भी प्रकार की सजा भुगतने के लिए तयार हू। चाहे वह सजा १० वष की हो चाहे २० वष या ५० साल की या फिर सजा ए मौत ही क्या ना हो।

इग्लैंड की पुरानी बेरी कोट (ओल्ड बेरी कोट) न सरदार ऊधमसिंह को मृत्युदड की सजा दे डाली। इसी अदालत ने ३१ वष पूव अमर क्रान्तिकारी मदनलाल धींगडा को फासी की सजा दी थी, जिन्होंने सर कजन वायली की हत्या इसी प्रकार खुले आम बहादुरी स की थी। उसी स प्रेरणा पाकर सरदार ऊधमसिंह न यह कटकपूण माग अपनाया था।

जेल से फासी तक

सरदार ऊधमसिंह को फासी की तिथि निश्चित होने तक के लिए लदन की ब्रिक्सटन जेल मे कैद कर दिया गया।

जेल के बाहर, हिदुस्तान म और अन्य स्थानो पर उन्ह छोडे जाने के लिए आदोलन होने लगे। कानूनी तौर पर, सरदार ऊधमसिंह को जेल से और सजा से मुक्त कराने के प्रयास होने लगे, जिसका जिक्र ससार के सारे अखबारो म होने लगा।

सरदार ऊधमसिंह को जब सजा माफ कराने की कोशिशो का पता चला तो उन्होंने अपने मित्रो को पत्र लिखा कि उन्ह सजा से बचाने के लिए धन व्यय ना किया जाए। बल्कि उन्ह हिदी, उर्दू और पजाबी की कुछ पुस्तकें भेज दी जाए। जो साहित्य इतिहास से सबधित हो तो अति उत्तम होगा।

जेल मे सरदार ऊधमसिंह को कोई कैदी कह कर पुकारता तो वह भडक जाते। सरदार ऊधमसिंह कहते मैं इस जेल मे कैदी नहीं हू बल्कि मैं ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया का शाही महमान हू। वह मेरे आराम का बहुत ख्याल रखती है। १५ मार्च १९४० को अपने एक मित्र को लिखे पत्र मे उन्होंने स्पष्ट लिखा मैं यहा एक कैदी नहीं हू। मैं तो इग्लैंड की महारानी का शाही महमान हू। कृपा कर मुझे यहा व्यस्त रखने के लिए कुछ किताबें शीघ्र भेज दें। मेरे पास यहा समय है और जिस जेल मे मुझको कैद किया गया है वह बहुत ही आरामदायक है। लेकिन मैं इससे भी किसी अधिक आरामदायक स्थान की तलाश मे हू। यदि आपको सुविधा हो तो मेरी कही गयी किताबें शीघ्र भिजवाने का कष्ट करें। किताबें उर्दू और गुरमुखी मे हो। धार्मिक विषयो पर कोई पुस्तकें ना हो। पुस्तकें शीघ्र ही डाक से भेज

दें। मैं धार्मिक पुस्तकों पर विश्वास नहीं करता हूं। मुझे पक्का विश्वास था कि सरदार मोहनसिंह से कुछ किताबें अवश्य मिल जाएगी। पर वह इंग्लैंड से वापिस चले गए हैं। उनकी जगह कौन-सा ग्रंथी यहा आया है इसका मुझे पता नही है।

मेरे लिए यहा काफी अच्छी सुरक्षा व्यवस्था है। बहुत से अंगरक्षक मुझे मिले हुए हैं। मेरी अच्छी देखभाल यहा की जा रही है। मुझे पक्का विश्वास है और मेरी यह इच्छा भी है कि मैं इस मत्युदंड के बाद शीघ्र जन्म लूं। पर जब तुम सब लोग काफी बूढ़े हो चुके होगे। मैंने काफी इंतजार के बाद यह फल पाया है। म अपना पत्र हिंदुस्तानी म इसलिए लिख रहा हूं ताकि आप मेरी जरूरतें अच्छी तरह समझ जायें। किताबों के अलावा कुछ भारतीय अखबार भी मिल जायें तो बहुत बेहतर है।

पत्र के अन्त म दर्ज था कि एक सज्जन मुझे यहा रोज दर्शन आते हैं। ये भारत के किसी सांस्कृतिक दल के प्रमुख हैं और मेरा विश्वास ईसाई धर्म की ओर मोड़ना चाहते हैं। मुझे पक्का पता है कि वह अपना समय व्यर्थ नष्ट कर रहे हैं। मैंने यहां की एक मस्जिद के मौलवी को पत्र लिखकर कुरान की एक प्रति मंगवाई है। म कुरान का अध्ययन करना चाहता हूं। पर मुझे कुरान की प्रति प्राप्त होगी या नही इसका मुझे विश्वास नहीं है। मैं इसका कभी बुरा नहीं मानूंगा, मैं तो आज भी मुहम्मद सिंह हूं।

ऊधमसिंह को ब्रिक्सटन जेल म कैदी नं० १०१० के रूप म पहचाना जाता था। ३१ मार्च १९४० को ओटालसिंह का उन्होंने एक पत्र लिखा "मैं आपको पुस्तकें वापिस लौटा रहा हूं। आपकी बड़ी कृपा रही जो आपने ये पुस्तकें मुझे वापिस भेजी। इन किताबों के सहारे मेरे दिन अच्छी प्रकार कट गए। क्या आप मुझे कुछ और पुस्तकें भेजने का कष्ट उठायेंगे। मेरा वजन यहां आकर ५ पौंड बढ़ गया है। मुझे यह भी ज्ञात है कि बहुत से भारतीय मेरे खिलाफ हैं पर मुझे इस बात की कतई परवाह नहीं है। मैं इस बात से जरा भी शर्मिंदा नहीं हूं कि फांसी का फन्दा मेरा इंतजार कर रहा है। मुझे इस बात का जरा भी

गम नहीं है कि मैं जल्दी ही मर जाऊगा। मैं ता फासी के फद से अपना ब्याह रचाऊगा। मैं तो अपने देश की स्वतन्त्रता के लिए लडन वाला एक अदना-सा सैनिक हू।

अपने मित्र शहीद भगतसिंह का हवाला देते हुए सरदार ऊधमसिंह ने आगे कहा करीब १० साल पूव मरे मित्र मुझसे बिछड गय थे। और मुझे पूरा विश्वास है कि मौत के बाद मेरी उनसे मुलाकात होगी। वे वहा इतजार कर रहे होंगे। वह २३ माच का दिन था मुझे विश्वास है मुझे भी इसी तारीख पर फासी पर लटकाया जाएगा।

इस पत्र म भी उन्होंने अपनी सजा माफ करने वाले मित्रा को इस काम से रोका व आगे लिखा यदि आपका पता चल जाय, तो मेरी मदद करने वाले इन व्यक्तिया का वसा करने से मना कर दे। मुझे बडी ही प्रसन्नता होगी कि इस धनराशि का उपयाग मुझे बचान की बजाय भारत मे शिक्षा प्रचार के लिए किया जाएगा।

अपने अन्तिम पत्र मे ऊधमसिंह ने शिकायत की थी कि उनके मित्रा द्वारा जो पुस्तकें उन्हे भेजी गयी वे पुस्तकें जेल के अधीक्षक द्वारा उन्हे नही दी गयी। ऊधमसिंह के शब्दा मे जेल का अधीक्षक बहुत सख्त आदमी है। हर पाचवे मिनट मे उनका दिमाग बदल जाता है। उसने तमाम कदियो का अपनी धार्मिक पुस्तकें पढने की अनुमति दी हुई है। वे बच भी जाते ह। लेकिन अग्रेजो की इस जेल मे मै पहला आदमी हू। जिसके साथ बुरा सलूक किया जाता है। मुझे मालूम है कि वह मुझस सख्त नफरत करता है। लेकिन उनकी परवाह कौन करता है। मैंने इन जसे शरीफ आदमी बहुत देखे ह। मैं यह जानता हू कि धार्मिक पुस्तकें बिना स्नान किय नही पढनी चाहिए। यहा तो मुझे १० दिन बाद स्नान करने की सुविधा दी जाती है। मुझे अत्यन्त खेद है कि मैंने व्यथ आपका पुस्तकें भेजने के लिए लिखा और डाक म इतना पसा व्यथ गया। मैं अदालत से यह पूछगा कि क्या ऐसी धार्मिक पुस्तकें जेल मे पढना अपराध है।

ब्रिक्स्टन जेल से सरदार ऊधमसिंह को पेन्टोनविले जेल भेजा गया। जहा उन्हें ३१ जुलाई १९४० को फासी देने का निणय दिया गया।

३१ जुलाई १६४० को ऊधमसिह को फासी के फदे तक लाया गया। सरदार ऊधमसिह नहा धोकर वेद मन्त्रा का उच्चारण करते हुए फासी के फदे तक आये। वेद मन्त्रो का उच्चारण करते हुए सरदार ऊधमसिह ने अपने गले मे फासी का फदा डाला और अपने प्राण त्यागत समय उनके मुह से ओम शान्ति, ओम शाति का जाप निकल रहा था।

सरदार ऊधमसिह का शव भी इग्लैंड म ही गुप्त रूप से वही दफना दिया गया। पजाब सरकार और केन्द्रीय सरकार के सयुक्त प्रयासो से शहीद ऊधमसिह के अवशेष १६७४ म १६ जुलाई को लाए गय। जो दिल्ली से चडीगढ होते हुए सुनाम जा पहुचे। वहा ३१ जुलाई १६७४ को सुनाम से हरिद्वार ले जाए गये। जहा उन्हें गगा को समर्पित कर दिया गया। २४ साल बाद शहीद सरदार ऊधमसिह को अपने देश की मिट्टी का और पवित्र जन्मभूमि का स्पश प्राप्त हुआ।

OOO

जयशकर प्रसाद का साहित्य

प्रसाद ग्रथावली ४ भाग

खड १ (काव्य)
खड २ (नाटक)
खड ३ (उपन्यास)
खड ४ (कहानी निबन्ध)

काव्य

कामायनी
आसू तथा अन्य कविताए

उपन्यास

कंकाल
तितली
इरावती

नाटक

चन्द्रगुप्त
स्कन्दगुप्त
अजातशत्रु
कामना
ध्रुवस्वामिनी तथा अन्य नाटक
जनमजय का नागयज्ञ

कहानी सग्रह

छाया/प्रतिध्वनि
इंद्रजाल
आकाशदीप
आंधी

निबन्ध

काव्य और कला तथा अन्य निबन्ध

बकिमचद्र चट्टोपाध्याय का साहित्य

आनन्दमठ
देवी चौधरानी
सीताराम
रजनी
कपालकुडला
दुर्गेशनंदिनी
कृष्णकात का वसीयतनामा

शरत्चंद्र चट्टोपाध्याय का साहित्य

कमला
काशीनाथ
गृहदाह
चन्द्रनाथ
चरित्रहीन
दत्ता
देना-पावना
देवदास
देहाती समाज
पंडित जी
पथ के दावेदार
परिणीता
बिराज बहू
बैकुंठ का वसीयतनामा
ब्राह्मण की बेटी
मझली दीदी
विप्रदास
शेष परिचय
शेष प्रश्न
श्रीकांत

देवकीनंदन खत्री के जासूसी उपन्यास

चन्द्रकान्ता संतति (सम्पूर्ण २४ भाग) छः जिल्द में
चन्द्रकान्ता (चारों भाग एक जिल्द में)

महाभारत के अमर पात्र

प्रस्तुति विनय

कर्ण
गांधारी
युधिष्ठिर
कुंती
विदुर
शकुनि
द्रुपद
अर्जुन
श्रीकृष्ण
द्रौपदी
भीष्म पितामह
दुर्योधन
भीम
धृतराष्ट्र